


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 74 | कोरबा, रविवार , दिनांक 15 दिसम्बर 2024 डाक 16 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

## अमित शाह रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह



**रायपुर 15 दिसम्बर।** रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह हो रहा है। जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल उपस्थित हुए। 24 वर्षों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड मिला है। इसके बाद अमित शाह बस्तर जायेंगे। चर्चा है कि हिड़मा के गांव जा सकते हैं। अबूझमाड़ या पूवर्ती गांव जाने की भी चर्चा है। ऐसा होता है, तो ऐसा करने वाले वे देश के पहले गृहमंत्री होंगे। पूवर्ती खूंखार नक्सली हिड़मा का गांव है। यहां पिछले कई सालों से नक्सलियों का कब्जा था। उनकी इजाजत के बिना यहां प्रवेश पर प्रतिबंध था। अब यहां CRPF, DRG, STF और कोबरा ने मिलकर संयुक्त कैंप स्थापित किया है।

## रायपुर पहुंचे पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह सोल्जरथॉन मैराथन में हुए शामिल

**रायपुर 15 दिसम्बर।** रायपुर पहुंचे पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह सोल्जरथॉन मैराथन में



शामिल हुए। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी के सिंह ने कहा, सोल्जरथॉन का मुख्य उद्देश्य लोगों को फिट रहने के लिए प्रेरित करना है, ताकि नई पीढ़ी फिट रह सके...कारगिल विजय दिवस हर साल कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है...जब हम सब एकजुट होंगे, तो नक्सलवाद अपने आप खत्म हो जाएगा। भारतीय सेना ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 53वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोल्जरथॉन का आयोजन किया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी के सिंह ने सोल्जरथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार आज

### शिवसेना को मिल सकता है आवास मंत्रालय



**मुंबई** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार के पहले कैबिनेट का विस्तार रविवार को मुंबई की बजाय नागपुर स्थित राजभवन में होगा। नागपुर में मंत्रियों के शपथ समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई है। महाराष्ट्र विधानमंडल की शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से नागपुर में शुरू हो रहा है। इससे पहले शपथ ग्रहण समारोह की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि जल्द ही इसकी जानकारी दी जाएगी। वहीं, भाजपा नेता गिरीश महाजन ने कहा कि मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, हमारे अध्यक्ष और देवेंद्र फडणवीस सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे संदेश मिला है कि मुझे मंत्री पद की शपथ लेनी है। इसके लिए मैं सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं, मुझे आज शाम 4 बजे शपथ लेने के लिए कहा गया है। इस बीच खबर है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंत्रिपरिषद विस्तार में शिवसेना को आवास मंत्रालय सौंप सकती है। गृह मंत्रालय भाजपा के पास ही रहेगा। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के दोनों सहयोगी दलों को वही विभाग मिल सकते हैं जो उनके पास पिछली महायुति सरकार में थे। हालांकि, शिवसेना को एक अतिरिक्त मंत्रालय दिया जा सकता है।

## हनीमून से लौट रहा था कपल, सड़क दुर्घटना में चली गई जान, केरल में बस और कार की टक्कर में 4 की मौत



**पथानामथिट्टा 15 दिसम्बर।** केरल के पथानामथिट्टा में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस की कार से टक्कर के बाद एक नवविवाहित जोड़े समेत परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुई।स्थानीय लोगों के अनुसार, कार में सवार यात्रियों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। कथित तौर पर कार ने बस को टक्कर मार दी, जो तेलंगाना से तीर्थयात्रियों को ले जा रही थी और बस में सवार किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पिछले महीने शादी करने वाले जोड़े मलेशिया में हनीमून ट्रिप के बाद घर लौट रहे थे। दुर्घटना पीड़ितों के घर से महज 10 किलोमीटर दूर हुई।

## कटक में बड़ा हादसा, लोहे का गेट गिरने से 30 लोग घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक से बड़े हादसे की खबर सामने आई है। कटक पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, एक लोक नाट्य शो के आयोजन स्थल पर गेट गिरने से महिलाओं और बच्चों सहित 30 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार रात को सालेपुर इलाके के रायसुंगुडा में हुई, जब लोग लोहे के ढांचे से गुजर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को सालेपुर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।




## अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के बीच कामयाबी

### बस्तर में 9 नक्सली गिरफ्तार, कल जवानों के साथ भोजन करें केंद्रीय गृह मंत्री

**रायपुर 15 दिसम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर है। इस बीच, सुकमा से बड़ी खबर है। अमित शाह के बस्तर प्रवास से ठीक पहले 9 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। जानकारी के मुताबिक, जवान जब सर्चिंग पर निकले थे, तभी इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एसपी किरण चव्हाण ने इसकी पुष्टि की है। वहीं 16 दिसंबर को शाह जगदलपुर में नक्सल अभियानों में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर उनके स्वजन व नक्सल हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के साथ मुलाकात भी करेंगे। इसके बाद जगदलपुर में सुरक्षा कैंप का दौरा और विकास कार्यों का निरीक्षण कर जवानों के साथ भोजन करेंगे।

**नक्सलवाद के खिलाफ संघर्षः** राज्य लंबे समय से नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। पुलिस ने दुर्गम क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों का डटकर सामना किया है और सफलतापूर्वक शांति बहाल की है। उनके अभियानों में साहस, समर्पण और सामुदायिक सहभागिता का



अनूठा मेल देखने को मिला।

**सामुदायिक पुलिसिंग :** राज्य पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आदिवासी युवाओं को रोजगार, शिक्षा और पुनर्वास के लिए विशेष योजनाएं चलाईं। इसके जरिए पुलिस ने आम जनता और सुरक्षा बलों के बीच विश्वास कायम किया।

**आधुनिक तकनीक और विशेष बलः** राज्य पुलिस ने अपराध नियंत्रण और नक्सल विरोधी अभियानों में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया। विशेष बल, जैसे डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) ने नक्सलियों के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। तीन वर्ष के भीतर नक्सलवाद को समाप्त करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प रंग ला रहा है। जनवरी से लेकर अब तक 215 नक्सली मारे गए हैं। 874 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 787 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। गिरफ्तार व आत्मसमर्पित समेत डेढ़ हजार नक्सली ठिकाने लगा दिए गए।

## मट्टन जेल और कुलगाम में चार जगहों पर छापेमारी, सीआईके ने आतंकियों से की पूछताछ

### कई डिजिटल डिवाइस बरामद



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) विंग ने शनिवार को अनंतनाग में जिला जेल मट्टन और कुलगाम जिले के सोनीगाम व चवलगाम में चार जगहों पर छापेमारी की। सीआइके ने किसी को गिरफ्तार करने या हिरासत में लिए जाने की पुष्टि नहीं की है, लेकिन यह जरूर बताया कि कुछ सेलफोन और टैबलेट के अलावा कुछ अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं।

संबंधित अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों और उनके पारिस्थितिक तंत्र के समूल नाश के अपने अभियान के तहत सीआईके को पता चला कि मट्टन स्थित जिला कारावास में बंद कुछ आतंकी व आतंकियों के ओवरग्राउंड वर्कर विभिन्न माध्यमों के जरिए घाटी के भीतर ही नहीं सीमा पार बैठे आतंकी हैंडलरों के साथ संपर्क में हैं। जेल में बंद यह तत्व घाटी में आतंकी गतिविधियों के संचालन और आतंकी संगठनों की भर्ती में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सीआईके ने सभी आवश्यक सुबूत जुटाने के बाद अदालत की अनुमति से मट्टन जेल में और जिला कुगाल के सोनीगाम व चवलगाम में छापेमारी की। जेल में सीआईके के दल ने बैरकों की तलाशी ली। वहां बंद कुछ आतंकियों और ओवरग्राउंड वर्करों से भी पूछताछ की। सोनीगाम और चवलगाम में सीआइके ने आतंकियों के तीन पुराने ओवरग्राउंड वर्करों के घरों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने संबधित लोगों से पूछताछ भी की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुछ डिजिटल उपकरण, सेलफोन और टेबलेट बरामद किए हैं इनकी जांच की जा रही है। कुछ दिन पहले सीआईके और प्रदेश जांच एजेंसी ने श्रीनगर सेंट्रल जेल में भी तलाशी ली थी।

### 6 आतंकी मददगारों के खिलाफ आरोपपत्र दायर

डोडा जिला में विभिन्न आतंकी गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक पाकिस्तानी आतंकी और छह आतंकी मददगारों (ओवरग्राउंड वर्कर) के खिलाफ डोडा स्थित एनआइए अदालत में आरोपपत्र दायर किए हैं।एसएसपी डोडा संदीप मेहता ने बताया कि जिला में सक्रिय सभी आतंकियों और उनके ओवरग्राउंड वर्करों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आतंकियों के तंत्र का समूल नाश हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति और आम लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाना हमारी पहली जिम्मेदारी है, इसलिए जो भी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर उन्हें कानून के मुताबिक दंड दिलाने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

## ईरान में बिना हिजाब के ऑनलाइन इवेंट में गा रही थी सिंगर, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ईरान में यूट्यूब सिंगर को बिना हिजाब पहने कॉन्सर्ट करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। ईरानी अधिकारियों ने एक महिला सिंगर को गिरफ्तार किया है, जिसने YouTube पर वर्चुअल कॉन्सर्ट किया था। उनके वकील मिलाद पनाहीपुर के अनुसार, परस्तू अहमदी को शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 280 किमी दूर माजंदरान प्रांत के सारी शहर में हिरासत में लिया गया था। उनकी गिरफ्तारी उनके कॉन्सर्ट को ऑनलाइन पोस्ट करने के बाद हुई, जहां उन्हें चार मेल सिंगर्स के साथ बिना आस्तीन की कॉलर वाली ब्लैक ड्रेस पहने खुले बालों में प्रदर्शन करते देखा गया था। कॉन्सर्ट को वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर 1.5 मिलियन से अधिक बार देखा गया है।

S-42449/78


बस्तर ओलंपिक 2024
सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
खेलों के जरिए सुखद भविष्य की ओर बढ़ता बस्तर
श्री अमित शाह
माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
खेलेगा बस्तर
बढ़ेगा बस्तर
हमने बनाया है
हम ही सँवारेंगे
हमसे जुड़ने के लिए
Q.R. स्कैन करें
ChhattisgarhCMO
Visit us DPRChhattisgarh
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
www.dprcg.gov.in
S-42449/78


मैं हूँ
बदलता
बस्तर
नया बस्तर देखने के लिए स्कैन करें
श्री अमित शाह
माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## अनमोल वचन......

संसार को वही बदल सकते है जो खुद में बदलवा ला सकते है ।

# सभी पक्ष गंभीर पहलू पर विचार करें

*यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है। संसद की कार्यवाही ना चलने देने के मुद्दे पर आखिरकार सरकार अपनी मनवाने में सफल रही। यह संभव हुआ, क्योंकि विपक्षी दलों के बीच रणनीति को लेकर बिखराव हो गया। अडानी और मणिपुर जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को मजबूर करने की कांग्रेस की प्राथमिकता से क्षेत्रीय दलों के मतभेद इतने गहराए कि वह अलग-थलग पड़ गई। उन दलों की अपनी प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सदन में उठाकर अपने समर्थक तबकों को वे संदेश देना चाहते हैं। वैसे भी किसी बड़े पूंजीपति के मुद्दे पर एक सीमा से ज्यादा जोर देना ज्यादातर दलों को अपने माफिक नहीं लगता। यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है। संविधान के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार को खतरा बताने की विपक्ष- खासकर कांग्रेस की रणनीति वैसे भी परवान नहीं चढ़ी है। हकीकत यह है कि संविधान को आरक्षण के समानार्थी बताते हुए इसके रक्षक के रूप में खुद को पेश कर विपक्ष ने भी इस मुद्दे के साथ न्याय नहीं किया है। पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधित्व एवं पहचान के मुद्दे पर भाजपा को घेरना एक भटकी रणनीति साबित हुई है। इसीलिए इसका चुनावी लाभ भी ये दल नहीं उठा पाए हैं। चूंकि विपक्षी दल अपनी एकता के लिए बड़े साझा मकसद की तलाश नहीं कर पाए हैं, इसलिए संसदीय गतिरोध की रणनीति का जो हश्र हुआ, उसका अनुमान लगाया जा सकता था। बहरहाल, बड़ा सवाल यह है कि देश के सामने जो सबसे ज्वलंत मुद्दे हैं, संसद में उन ही बहस नहीं होगी, तो फिर प्रभावित एवं पीड़ित लोगों की निगाह में इस मंच का क्या महत्त्व रह जाएगा। संसद की प्रमुख भूमिका बेशक विधायी कार्यों को निपटाना है, मगर यह राष्ट्रीय चिंताओं और जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का मंच भी है। ऐसी अभिव्यक्तियों के अवसर को सीमित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी खबर नहीं है। बेहतर होगा, सभी पक्ष फौरी हार-जीत की मानसिकता से उठ कर इस गंभीर पहलू पर विचार करें।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। रचनात्मक काम से आपको धन लाभ होगा।

**वृष राशिः** आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। किसी सोंचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से ख़ुशी का माहौल बनेगा। आपका दांपत्य जीवन सौहार्द्र से भरा रहेगा। आज किसी ख़ास रिश्तेदार से मिलेंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। डाइजेस्टिव सिस्टम की समस्या से आपको आराम मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन के अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे, आपका एक छोटा-सा प्रयास घरेलू जीवन अच्छा हो सकता है इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन-मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन कर पाएंगे, आप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एवं ईर्ष्या करने वालों के दांत खट्टे होंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। आज आपको ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे। कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से खुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति हासिल होगी। पारिवारिक सुख सुविधाएँ बनी रहेंगी। संतान से सुख मिलेगा।

**धनु राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें। आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आज आपको खुशी मिल सकती है।

# विरासत के साथ विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के संकल्प का एक वर्ष

//डॉ. मोहन यादव//

**देश का हृदय प्रांत मध्यप्रदेश गौरवशाली इतिहास और विश्वविख्यात सांस्कृतिक परंपराओं के लिये प्रसिद्ध है। सृष्टि के आरंभ से लेकर अब तक मानव सभ्यता के कई चिन्ह मध्यप्रदेश की धरती पर हैं। यहां पर्याप्त भू-संपदा, वन-संपदा, जल-संपदा, और खनिज-संपदा है। हम विगत एक वर्ष में विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के साथ प्रदेश की विरासत को सहेजने के संकल्प को लेकर आगे बढ़े हैं।**

यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इन दिनों प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। यह प्रदेश की समृद्धि का उत्सव है। इसमें भविष्य की कई संभावनाएं आकार लेंगी। शासन-प्रशासन और प्रदेशवासी सभी मिलकर विकास की गंगा बहाएंगे। आपकी सरकार, आपके द्वार होगी और जनता के हित जनता तक पहुंचेंगे। इसमें नई सौगातें भी शामिल होंगी।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो के स्वप्न को मध्यप्रदेश में धरातल पर उतारा जा रहा है। 17 दिसंबर को पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना तथा 25 दिसंबर को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जायेगा। यह आनंद का विषय है कि मध्यप्रदेश देश में पहला ऐसा राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इससे जलस्त्रोत परस्पर जुड़ेंगे तो धरती का जल स्तर सुधरेगा, हमारे गांव और क्षेत्रों को पानी सुलभ होगा तथा अन्नदाता को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिलेगा। प्रदेश में जिस तरह कृषि, उद्योग, पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन के लिये संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इसमें औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति की त्रिवेणी से गरीबी पूर्णतः समाप्त हो जायेगी।

पिछले दिनों रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करके मध्यप्रदेश के गांव-गांव को औद्योगीकरण और आधुनिक उत्पाद से जोड़ने का प्रयत्न किया गया है। भविष्य में जिला स्तर पर भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होंगी। हैदराबाद, कोयंबटूर तथा मुंबई में रोड-शो और यूके-जर्मनी के उद्योगपतियों को निवेश के लिये प्रदेश में आमंत्रित करना उद्योग विस्तार का उपक्रम है। क्षेत्रीयता से लेकर ग्लोबल स्तर तक उद्योग के लिये किया गया यह पहला नवाचार है।

प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत निर्माण के लिये ज्ञान गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान की बात कही है। हमने इन्हीं 4 आधार स्तंभों पर केंद्रित समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया है। प्रदेश सरकार गरीब कल्याण, युवा शक्ति, किसान-कल्याण और नारी शक्ति मिशन लागू करने जा रही है।

हमारा लक्ष्य है अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण हो, उन्हें बेहतर भविष्य निर्माण का अवसर मिले। प्रदेश में हर गरीब की पढ़ाई, लिखाई, दवाई, नौकरी और रहने-खाने से लेकर जीवन की हर जरूरत को सरकार पूरा कर रही है। अब गरीब-कल्याण मिशन में होने वाली गतिविधियों और कार्यों से हर गरीब के जीवन-स्तर में सुधार आयेगा, उनकी समृद्धि से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। यह गरीबों के प्रति हमारी संवेदनशीलता ही है कि हुकुमचंद मिल के 30 साल पुराने विवाद से लेकर श्रमिकों की मिल से जुड़ी हर समस्या का हल निकाला और उन्हें उनका अधिकार दिलाया है, वहीं गंभीर बीमारी के गरीब मरीजों के लिये एयर एंबुलेंस सेवा भी शुरू की है।

राष्ट्र को समृद्ध बनाने की शक्ति युवाओं में है। आवश्यक है कि युवा कर्मशील हो, विचारशील हो और अपनी परंपराओं से जुड़ा हुआ हो। इसी अनुरूप युवाओं को शिक्षण और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में तैयार राष्ट्रीय शिक्षा नीति सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू हुई। यहां स्किल्ड युवा तैयार हो रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी, भारतीय ज्ञान परंपरा और युगानुकूल शिक्षा के समावेश से युवाओं को अपनी समृद्ध विरासत का ज्ञान होगा और बेहतर भविष्य निर्माण के द्वार खुलेंगे। हर विकासखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से गांव-गांव से खेल प्रतिभाएं उभरकर आएंगी। युवा शक्ति मिशन में प्रदेश के युवाओं की शिक्षा, आधुनिक तकनीकी में योग्यता और कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास की लक्ष्य प्राप्ति शामिल है। प्रदेश में स्किल्ड युवा अपना स्व-रोज़गार स्थापित कर रहे हैं। वहीं शासकीय सेवाओं में लगभग ढाई लाख युवाओं की भर्ती का अभियान भी शुरू हो गया है।

मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रांत है। किसान कल्याण मिशन में कृषि की उपज बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किये जायेंगे। अगले 5 वर्ष में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से 1 करोड़ हेक्टेयर किया जायेगा। अन्नदाता को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने के साथ खाद, बीज से लेकर उपज की बिक्री तक की व्यवस्था की गई है। किसानों के खेत में सोलर पंप लगाए जाएंगे, जिससे वे अपने उपयोग के लिये अपनी बिजली स्वयं बनायेंगे। हम प्रयासरत हैं कि जल की एक-एक बूंद का लाभ किसानों को मिले। हम चाहते हैं कि किसान चिंता मुक्त होकर खेती करें और खुशहाल जीवन जियें। हर किसान को गौ-पालक और हर घर को गौ-रक्षक बनाने का प्रयास है। मध्यप्रदेश न केवल कृषि उत्पादन में देश में शीर्ष पर हो, बल्कि दुग्ध उत्पादन और दुग्ध निर्यातक प्रदेश बने इसीलिये मध्यप्रदेश में गौ-वंश पालन के लिये अनुदान दिया जा रहा है।

0-परिवार, समाज, राष्ट्र और सृष्टि निर्माण के केन्द्र में है नारी-भारतीय दर्शन में नारी के महत्व का उल्लेख है। महिला कल्याण के लिये नारी शक्ति मिशन में महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण किया जायेगा। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां शासकीय सेवाओं में महिलाओं का आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की लाखों बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य हो रहा है। प्रदेश में समृद्ध और गौरवशाली विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीराम के कर्तव्य पालन और राष्ट्र निर्माण का समर्पण संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का आधार देगा। श्रीकृष्ण पाथेय में उन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां श्रीकृष्ण के स्मृति चिन्ह हैं। उन स्थलों पर कर्म, कर्तव्य, धर्म-संस्कृति से संबंधित गीता का संदेश और श्रीकृष्ण की लीलाओं को उकेरा जायेगा, जिससे लोग कर्मयोग के प्रति जागरूक हों तथा कर्मशील-धर्मशील नागरिक बनें।

मध्यप्रदेश सरकार जनमत और जन-भावना का प्रतिबिंब है। हमारा समाज अपनी विरासत को सहेज कर चलता है, इसीलिये समाज द्वारा निर्मित सरकार ने भी समाज के साथ अपने उत्सव आयोजनों को मिलकर मनाने की शुरुआत की है। मेरा प्रयास रहा है कि प्रदेश की जनता का जीवन सहज, सरल और सुगम हो। जनता की सुविधा के लिये साइबर तहसील से घर बैठे नामांतरण, बंटवारा, ई-पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की गई। थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से संकट की स्थिति में लोगों को त्वरित राहत मिलेगी। उज्जैन में मेडिसिटी का निर्माण, 51 मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल से प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की गारंटी, इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन, राष्ट्रीय राजमार्ग सुदृढ़ीकरण और मेट्रोपोलिटन सिटी निर्माण से विकास में गुणात्मक वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक देश को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना। मध्यप्रदेश, भारत की इस विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया जायेगा। प्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ हमारी सरकार का जो संकल्प पत्र था, उस पर तेजी से कार्य हो रहा है। आने वाले 4 वर्ष में हम एक-एक संकल्प को पूर्ण करेंगे।प्रदेश में शुरू हुये जनकल्याण पर्व के अवसर पर प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से मेरा आग्रह है कि गौरवशाली और वैभवशाली भारत निर्माण के लक्ष्य पूर्ति के लिये आइये, हम साथ चलें और साथ बढ़ें।

# प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को ऐसे समझिए

//कमलेश पांडे //

**महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है।**

कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं। आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए।

वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे।यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है।शाही स्नानः महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। माना जाता है कि शुद्धिकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त कर देता है, जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है।

स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या राजयोगी स्नान के नाम से जाने जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है। आरतीः नदी के किनारों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला गंगा आरती समागम में आए लोगों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होता है। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान पुजारी जगमगाते दीपक पकड़कर दृश्य अभिनय प्रस्तुत करते हुए कठिन धर्मक्रिया करते हैं। गंगा आरती हजारों भक्तों को आकर्षित करती है, जिससे पवित्र नदी के प्रति गहरी भक्ति और श्रद्धा जागृत होती है।

## तस्वीरों की दुनिया


झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के कुपवी उपमंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी पहाड़ियों के दौरे के दौरान बच्चों से बातचीत की।


कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ और अन्य सांसदों ने महाराष्ट्र के परभणी में भारतीय संविधान की प्रतिकृति के साथ कथित रूप से तोड़फोड़ किए जाने के विरोध में संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रायसेन जिले में राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर रातापानी टाइगर रिजर्व के उद्घाटन के दौरान संबोधित करते हुए।


सुरक्षाकर्मी मणिपुर के परिधि पर प्रमुख स्थानों पर पहरा देंगे और गश्त करेंगे। पहाड़ी क्षेत्रों में मैतेई क्षेत्रों पर कुकी उग्रवादियों द्वारा हाल ही में की गई गोलीबारी की घटनाओं के बाद यह तैनाती की गई है।


बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके मुंबई आवास पर मुलाकात की।


बारामूला के तंगमर्ग के द्रुंग क्षेत्र में जमे हुए झरने को देखने पर्यटक पहुंचे।

# मोदी ने संसद में किया सबसे बड़े जुमले का जिक्र, बोले- कांग्रेस के मुंह लगा संविधान की अवहेलना का खून

**नईदिल्ली, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सत्ता के लालच में खून का स्वाद लगने के बाद कांग्रेस ने बार-बार संविधान को जख्मी किया है। लेकिन, 2014 से हमारी सरकार ने देश की एकता और अखंडता के लिए काम किया है। लोकसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने धारदार भाषण में एक तरफ जहां यह साबित करने की कोशिश की कि कांग्रेस संविधान की मर्यादाओं को कभी सम्मान नहीं दे सकती है, वहीं उदाहरणों के साथ यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा शासन में जो कुछ हुआ और हो रहा है वह संविधान की मूल भावना के अनुरूप है।संविधान बदलने के विपक्षी नैरेटिव को पूरी तरह खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान में सबसे अहम देश की एकता, अखंडता और जनहित है। उनकी सरकार के हर काम इसी दिशा में हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस के मुंह में संविधान की अवहेलना का खून लग चुका है। विपक्षी पार्टी अपने माथे से आपातकाल का पाप नहीं मिटा सकती है। कांग्रेस की ओर से वक्ताओं ने मोदी सरकार पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया था। प्रधानमंत्री ने गिनाया कि 1951 में नेहरू की अंतरिम सरकार से लेकर मनमोहन सिंह के कार्यकाल और उसके बाद भी गांधी परिवार के व्यक्ति ने संविधान को तार-तार किया। नेहरू ने तभी संविधान में संशोधन कर दिया था, जब उनकी सरकार चुनी भी नहीं गई थी। नेहरू ने राज्यों को पत्र लिखकर कहा कि अगर संविधान हमारे रास्ते में आएगा तो उसे भी बदल देना चाहिए। कांग्रेस के इस पाप पर देश चुप नहीं था। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने चेताया कि यह गलत हो रहा है।स्पीकर ने भी गलत बताया,किंतु नेहरू का अपना संविधान चलता था।



उन्होंने यह पाप किया। जो विष नेहरू ने बोया था, उसे इंदिरा ने भी 1975 में आगे बढ़ाया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान बदलकर संसद की मर्जी को सर्वोपरि कर दिया। अदालत के पंख काट दिए। संविधान के 25 साल हुए तो इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल लगाकर सभी स्वतंत्रता छीन ली। देश को जेल बना दिया गया। कांग्रेस इस पाप को नहीं मिटा सकती। जब भी दुनियाभर में लोकतंत्र की चर्चा होगी, कांग्रेस के इस पाप को याद किया जाएगा। राजीव गांधी आए तो एक महिला शाहबानो को जो अधिकार सुप्रीम कोर्ट से मिला, वोट बैंक की खातिर उसे भी छीन लिया। मनमोहन सिंह सरकार में चुनी हुई सरकार के ऊपर एक असंवैधानिक एनएसी (राष्ट्रीय सलाहकार परिषद) को बिठा दिया।प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन ने माना कि उनकी प्रतिबद्धता पार्टी के लिए है। राहुल का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि मनमोहन के कैबिनेट ने जो फैसला लिया था वह उनका संवैधानिक अधिकार था, लेकिन एक अहंकारी व्यक्ति ने उस कैबिनेट के फैसले को सार्वजनिक रूप से फाड़कर बता दिया कि उनके लिए संविधान कुछ नहीं है।पीएम ने कहा कि यह देश जानता है कि भारत के इतिहास में सबसे बड़ा जुमला है, गरीबी हटाओ। इसका इस्तेमाल चार पीढ़ियों से किया जा रहा है। यह ऐसा जुमला था, जिससे कांग्रेस को राजनीतिक लाभ तो हुआ, लेकिन गरीबों को कोई फायदा नहीं हुआ। कांग्रेस पर संविधान का अनादर करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने 25वें, 50वें और 60वें वर्ष का जिक्र किया। कहा कि संविधान के जब 25 वर्ष पूरे हो रहे थे तो आपातकाल लगा दिया गया। देश को जेलखाना बना दिया गया। किंतु जब संविधान के 50 वर्ष पूरे हुए तो अटल बिहारी सरकार ने संविधान दिवस मनाया था। मुझे भी संविधान की प्रक्रिया से ही सीएम बनने का सौभाग्य मिला था। पीएम ने देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रति संकल्प जताया।

जब 60 साल हो रहा था तो गुजरात सरकार ने संविधान की यात्रा निकाली थी। तब वहां के मुख्यमंत्री के तौर पर खुद नरेन्द्र मोदी उस यात्रा के साथ चले थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काल में संविधान के संशोधन व्यक्तिगत लाभ और हित के लिए किए गए। जबकि भाजपा के शासनकाल में राष्ट्र हित के लिए हुए। इसी क्रम में उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने, महिला आरक्षण लाने जैसे कदमों का उल्लेख किया। पौने दो घंटे के अपने वक्तव्य में पीएम मोदी ने परिवारवादी राजनीति पर फिर प्रहार करते हुए दोहराया कि गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के करीब एक लाख नौजवानों को राजनीति में लाना है। मोदी ने देश की एकता को राजग सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा कि अनुच्छेद 370 बाधा बना हुआ था। उसे हटा दिया।एकता को मजबूती देने के लिए ही वन नेशन वन टैक्स, वन नेशन वन राशन कार्ड, वन नेशन वन ग्रिड एवं वन नेशन वन हेल्थ कार्ड की व्यवस्था की। देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया।

# गोपालगंज लव जिहाद, प्रेमजाल में फंसाकर युवती के साथ दुष्कर्म, मतांतरण का प्रयास



**गोपालगंज, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नगर थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला सामने आया है। पहले एक मुस्लिम युवक ने नाम बदलकर हिंदू युवती को प्रेमजाल में फंसाया। फिर भरोसे में लेकर उसे पश्चिम बंगाल लेकर जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। इसी बीच अश्लील तस्वीर मोबाइल में कैद कर ली। इसके बाद भयादोहन करते हुए कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।युवती को उसकी असलियत पता लगा तो युवक मतांतरण कर विवाह का दबाव देने लगा। प्रेम का स्वांग रचकर इस धोखे से हतप्रभ युवती ने शुक्रवार को नगर थाने में जाकर आपबीती सुनाई। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी कर ली है। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।जानकारी के अनुसार, करीब चार साल पूर्व नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती पढ़ाई के सिलसिले में शहर के जंगलिया मोहल्ले में गई। यहां एक निजी स्कूल के संचालक महम्मदपुर थाना क्षेत्र के अमरपुरा गांव निवासी समीर सहगल उर्फ तबरेज आलम ने उसे बेहतर शिक्षा दिलाने का झांसा दिया। भरोसा देते हुए अपना नाम बदलकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।साथ ही उसे पढ़ाई के सिलसिले में बुलाकर अपने साथ पश्चिम बंगाल के कोलकाता में लेकर चला गया। वहां एक घर में उसने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। साथ ही तबरेज ने उसकी अश्लील तस्वीर ले ली। इसके बाद वह हमेशा युवती को तस्वीर दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने लगा। इस दौरान तीन बार युवती गर्भवती हो गई।

युवती का नाम आलिसा खातून अस्पताल में लिखवाने के बाद उसका गर्भपात कराया। इस दौरान युवती को पता चला कि युवक दूसरे धर्म का है। फिर युवती ने विरोध करना शुरू कर दिया। इसके बाद तबरेज युवती को अपने साथ लेकर उसे अपने किराये के मकान शहर के जंगलिया वार्ड संख्या 18 में लेकर आ गया। यहां युवती का जबरन मतांतरण कराने का प्रयास युवक व उसके स्वजन ने शुरू कर दिया। आरोप है कि नमाज अदा करने व कुरान पढ़ने का दबाव बनाया जाने लगा तो युवती ने इसका विरोध किया। इसके बाद उसे एक कमरे में बंदकर रखा गया। उसे खाना भी नहीं दिया जा रहा था। यातनाओं से तंग आकर युवती जैसे-तैसे कमरे से बाहर निकल कर नगर थाना में पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। साथ ही कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने शनिवार को पीड़ित युवक की स्वास्थ्य जांच कराई और कार्रवाई करने में जुट गई।

# अल्लाह ने चाहा तो हम बहुमत में होंगे, ममता के मंत्री फिरहाद के बयान पर मचा बवाल



**कोलकाता, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार में शहरी विकास मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम ने एक बार फिर विवादित टिप्पणी की है। कहा कि अगर अल्लाह ने चाहा तो हम (अल्पसंख्यक) एक दिन देश में बहुमत में होंगे। वह कोलकाता के मेयर की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हकीम ने शुक्रवार को यहां अल्पसंख्यक छात्रों के एक कार्यक्रम में कहा, बंगाल में हम (अल्पसंख्यक मुस्लिम) 33 प्रतिशत और पूरे देश में 17 प्रतिशत हैं, इसलिए हम अल्पसंख्यक कहलाते हैं, लेकिन आने वाले दिनों में हम अल्पसंख्यक नहीं रहेंगे। अल्लाह ने चाहा तो हम एक दिन बहुमत में होंगे। आगे कहा कि कोई भी घटना होने से लोग मोमबत्ती रैली निकालते हैं। ऐसा रुतबा होना चाहिए कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग न्याय नहीं मांगेंगे, बल्कि न्याय देने लायक होंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ दो-चार न्यायाधीश ही अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। ऐसा क्यों। हमें काबिल बनाया नहीं गया, जहां पर हम न्याय कर सके। अल्लाह की रहमत और आप सबकी मेहनत यह पूरा कर सकती है, जहां आप न्याय देने लायक बन सके। बंगाल भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुकांत मजूमदार ने फिरहाद के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वे शुद्ध जहर, खुलेआम सांप्रदायिक नफरत फैलाने और खतरनाक एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। यह सिर्फ नफरत फैलाने वाला भाषण नहीं है बल्कि भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने का खाका है।उन्होंने पूछा कि विपक्षी आईएनडीआईए इस पर चुप क्यों है। कहा, मैं उन्हें इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने की चुनौती देता हूं। ममता बनर्जी का पाखंड और भारत विरोधी मानसिकता उजागर हो गई है। क्या यही भविष्य है, जिसकी आप कल्पना कर रहे हैं। हमारा देश अपनी एकता और अखंडता के लिए इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# गणित के डबल पीरियड में बैठने जैसा था, संसद में पीएम मोदी के भाषण पर प्रियंका गांधी कहा- बोर कर दिया

**नईदिल्ली, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में दिए गए 110 मिनट से अधिक लंबे भाषण को उबाऊ करार दिया।उन्होंने कहा, यह स्कूल में गणित के डबल पीरियड में बैठने जैसा था। उन्होंने पीएम के 11 संकल्पों को खोखला बताते हुए कहा कि अगर भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस है तो भाजपा अदाणी मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमत क्यों नहीं होती। प्रधानमंत्री के भाषण पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए प्रियंका ने संवाददाताओं से कहा, पीएम ने एक भी ऐसी बात नहीं कही जो नई हो। उन्होंने हमें बोर कर दिया।



उनका भाषण मुझे कई दशक पीछे ले गया। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं गणित के उस डबल पीरियड में बैठी हूं।

उन्होंने कहा कि पीएम के भाषण के दौरान जेपी नड्डा भी हाथ मल रहे थे लेकिन जैसे ही मोदी ने उनकी तरफ देखा, उन्होंने ऐसा अभिनय करना शुरू कर दिया जैसे वे बड़े ध्यान से सुन रहे हों। अमित शाह ने भी सिर पर हाथ रखा हुआ था जबकि पीयूष गोयल सोने जा रहे थे। प्रियंका ने कहा कि मेरे लिए यह एक नया अनुभव था। मैंने सोचा था कि पीएम कुछ नया, कुछ अच्छा कहेंगे।

# सिरफिरे ने एकतरफा प्यार में 8वीं की छात्रा का रेता गला कंधे पर लादकर निकला शव... नजारा देख दंग रह गए लोग

**बलरामपुर, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जिले में एक सिरफिरे युवक ने शनिवार सुबह स्कूल जा रही 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। युवक पर हैवानियत इस कदर सवार थी कि घटना के बाद छात्रा के शव को कंधे पर लादकर घर की ओर चल पड़ा।यह देख अन्य छात्र-छात्राओं ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पीटा और पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों का कहना है कि युवक ने एकतरफा प्यार की सनक में यह वारदात की है। मृतका के भाई हरीश चौहान की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। पुलिस ने 19 वर्षीय धर्मपाल चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज में किशोरी आठवीं की छात्रा थी। स्कूल बस पकड़ने के लिए वह घर से कुछ दूर साइकिल से जाती थी। शनिवार सुबह छात्रा साइकिल से ऐहलवा मोड़ के लिए निकली, तभी रास्ते में 19 वर्षीय धर्मपाल चौहान ने उसे रोक लिया। वह कुछ समझ पाती, इससे पहले युवक उसे घसीटता हुआ एक बाग में ले गया। वहां चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।घटना को अंजाम देने के बाद धर्मपाल छात्रा के शव को कंधे पर लादकर घर की ओर चल पड़ा। स्कूल जा रहे अन्य छात्र-छात्राओं ने ये नजारा देख शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने धर्मपाल को दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर पिटाई की।देहात कोतवाली पुलिस धर्मपाल को गिरफ्तार कर थाना ले आई। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि मृतका मधु के भाई हरीश चौहान की तहरीर पर धर्मपाल चौहान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। युवक ने हत्या क्यों की, इसकी छानबीन की जा रही है।गांव में दिनदहाड़े छात्रा की निर्मम हत्या से गांव में सनसनी फैल गई है। हर किसी की जुबान पर छात्रा की हत्या की ही बात है। चर्चा है कि धर्मपाल चौहान आए दिन किशोरी को परेशान करता रहता था। धर्मपाल बात करना चाहता तो छात्रा उसे मना कर देती थी। इस बात को लेकर धर्मपाल हमेशा नाराज रहता था।

# बांसवाड़ा में इंडिया सीमेंट्स प्लांट में ब्लास्ट, दो मजदूर झुलसे



**उदयपुर, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के बजवाना गांव में स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के प्लांट में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। कोयला डिपो में हुए ब्लास्ट से दो मजदूर झुलस गए। हादसा सुबह 10.30 बजे हुआ, जिसका कारण कोयला जलाने वाले टैंक में कार्बन गैस का रिसाव बताया जा रहा है। धमाके की आवाज 2 किलोमीटर तक सुनाई दी, और 5 किलोमीटर दूर से धुआं नजर आया। हादसे में झुलसे मजदूरों की पहचान ईश्वरलाल (कुटुंबी गांव) और दिलीप (नौखला गांव) के रूप में हुई है। दोनों को बांसवाड़ा शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मजदूरों का कहना है कि कोयला डिपो में कार्बन गैस का स्तर लगातार बढ़ रहा था। इस खतरे के बारे में प्रबंधन को कई बार सूचित किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीआई रोहित कुमार सिंह के अनुसार, तीन थानों के 70 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## जालना में बस और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर, चार की मौत, 24 घायल

**जालना 15 दिसम्बर।** महाराष्ट्र के जालना शहर के पास एक ट्रक और राज्य परिवहन बस की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। इसकी जानकारी शनिवार को एक अधिकारी ने दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक की लापरवाही की वजह से हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम करीब चार बजे नवा रोड इलाके में हुई जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस करीब 60 यात्रियों को लेकर मालेगांव से माहुरगढ़ जा रही थी। बस एक ट्रक से टकरा गई, जिसके बारे में यात्रियों का दावा है कि ट्रक लापरवाही से चलाया जा रहा था।अधिकारी ने कहा, टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और बस में बैठे कुछ लोगों को स्थानीय लोगों को बाहर निकालना पड़ा।

# दो दिन से इस्तांबुल में फंसे सैकड़ों भारतीय यात्री, इंडिगो भेजेगी विशेष विमान

## 20 घंटे में वापस भारत लाने का है प्लान

**नईदिल्ली, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

इस्तांबुल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए अब इंडिगो ने राहत विमान भेजने का फैसला किया है। पिछले दो दिन में इंडिगो की दो फ्लाइट तकनीकी कारणों से रद्द हो गई है।इस वजह से




इस्तांबुल एयरपोर्ट पर सैकड़ों यात्री फंस गए थे। सोशल मीडिया पर इन यात्रियों के कई वीडियो भी वायरल हुए थे, जिसमें विमान कंपनी पर सुविधाएं मुहैया न कराने और सही जानकारी न देने के आरोप लगाए गए थे। इसके बाद अब जाकर इंडिगो एयरलाइन ने राहत एयरक्राफ्ट भेजने का फैसला किया है। इस एयरक्राफ्ट की मदद से टर्की के इस्तांबुल एयरपोर्ट पर फंसे सभी भारतीयों को अगले 20 घंटों के अंदर वापस लाने की तैयारी है।आपको बता दें कि पिछले दो दिन में इस्तांबुल से दिल्ली और इस्तांबुल से मुंबई आने वाली इंडिगो की दो फ्लाइट रद्द हो गई थी।

दौरान न तो एयरलाइन की तरफ से यात्रियों के लिए कोई दूसरी फ्लाइट उपलब्ध कराई गई और न ही कोई ठहरने के इंतजाम किए गए।इस रूट की कई और उड़ानों में भी देरी हुई। टर्की रूट पर इंडिगो बोइंग 777 एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करता है, जिसमें तकरीबन 500 पैसेंजर बैठ सकते हैं। एयरलाइन ने एक बयान जारी कर कहा था कि फंसे हुए यात्रियों को ठहरने के लिए होटल दिए गए थे।इस्तांबुल में भारतीय दूतावास ने भी कहा था कि वह विमान कंपनी के संपर्क में हैं और फंसे हुए यात्रियों को लॉन्च, ठहरने की जगह और खाना उपलब्ध कराया गया है

# गाजा में नहीं थम रहा मौत का तांडव, इजरायली ने की बमबारी, मारे गए 22 फलस्तीनी

**गाजा, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

गाजा में शनिवार को इजरायली हमलों में 18 फलस्तीनी मारे गए। इनमें से 10 लोग दीर अल-बलाह के निकाय भवन में मारे गए, वहां पर वे लोग राहत सामग्री लेने के लिए आए थे। हमले के बाद मृतकों और घायलों को लोग कंधों पर लादकर या रिक्शों से नजदीकी अस्पताल में ले गए। इजरायली सेना ने बताया है कि मारे गए लोग शरणार्थियों और राहत सामग्री के भंडार की आड़ में छिपे हुए हथियारबंद लड़ाके थे। जबकि दूसरा बड़ा इजरायली हमला गाजा सिटी में हुआ।

वहां पर एक महिला और उसके बच्चे समेत सात लोग मारे गए।सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायली हमलों में अभी तक 44 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने गाजा के जुडिया और समारिया क्षेत्रों से इस हफ्ते करीब 50 लड़ाकों को गिरफ्तार किया है। ये लड़ाके हथियारों के साथ छिपे हुए थे और इजरायली सेना पर हमले का मौका तलाश रहे थे।

इस बीच मिस्त्र, कतर और अमेरिका ने एक बार फिर से गाजा में युद्धविराम की कोशिशें तेज की हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान इन दिनों इजरायल के दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग से मुलाकात कर युद्धविराम पर उनकी राय जानी।

# मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, बिहार के दो प्रवासी मजदूरों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। जातीय हिंसा से झुलस रहे पूर्वोत्तर राज्य के काकचिंग जिले में शनिवार को हमलावरों ने बिहार के दो प्रवासी श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि यह वारदात शाम करीब 5.20 बजे काकचिंग-वाबागई रोड पर केइराक में पंचायत कार्यालय के पास हुई।मृतकों की पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के 18 वर्षीय सुनालाल कुमार और 17 वर्षीय दशरथ कुमार के रूप में की गई। दोनों निर्माण श्रमिक थे और मैतेयी के प्रभुत्व वाले काकचिंग में किराये के मकान में रहते थे। इससे पहले मई में इंफाल पश्चिम जिले में झारखंड के तीन मजदूरों को घर से बाहर खींचकर हमलावरों ने गोलियां मारी थीं। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।थौबल जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में



एक उग्रवादी मारा गया और उसके गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने सालुंगफाम में एक कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन रुकने के बजाय, उसमें सवार लोगों ने गोलियां चला दीं।इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और कार में सवार सात लोगों को पकड़ लिया। इन उग्रवादियों में से एक को गोली लगी। उसे इंफाल के प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

छह अन्य को लिलोंग पुलिस स्टेशन भेज दिया गया।उग्रवादियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर, एक .303 राइफल और एक कार्बाइन और कई मोबाइल फोन बरामद किए गए। वहीं इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के उग्रवादी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि उग्रवादी के कब्जे से एसएलआर राइफल, दो .303 राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया।

कोरबा जिले में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से परिवार को मिला नया घर, भविष्य के लिए नई उम्मीदें : हितग्राही चैतराम

## अब तक हजारों को आश्रय मिला सरकार के कदम से



**कोरबा ।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत ऐसे कई परिवारों को अपना पक्का घर मिला है, जो पहले जीवन यापन के लिए अस्थिर और कच्चे मकानों में संघर्ष कर रहे थे। इस योजना ने न केवल आमजनों के आवास संकट को हल किया है, बल्कि इन परिवारों के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास के रास्ते भी खोले हैं।

कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम कुचैना के रहने वाले श्री चैतराम, जो पहले एक कच्चे घर में अपने परिवार के साथ रहते थे, उनके लिए पक्के घर का सपना हमेशा दूर था। आर्थिक रूप से कमजोर और संसाधनों की कमी के कारण वह और उनका परिवार असुरक्षित और असुविधाजनक स्थितियों में जीवन निर्वाह कर रह रहे थे। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से चैतराम के जीवन में एक नई उम्मीद जागी। इस योजना के तहत चैतराम को उनका सपना साकार होने का मौका मिला। योजना के तहत उन्हें पक्के मकान के लिए आवेदन करने का अवसर मिला और कुछ ही समय में उनका नाम आवास के लिए चयनित हो गया। इस योजना ने उन्हें न केवल एक सुरक्षित आवास दिया, बल्कि एक नया जीवन दृष्टिकोण भी प्रदान किया। अपने नए पक्के घर में चैतराम को स्वच्छता, बिजली, पानी और उचित परिवहन जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जो पहले कच्चे घर में असंभव थीं। इस परिवर्तन ने न केवल उनके रहन-सहन को बेहतर किया, बल्कि उनके बच्चों को एक स्वस्थ और सुरक्षित माहौल भी मिला।

हितग्राही चैतराम ने बताया कि पहले उन्हें हर बारिश में अपने घर की छत से पानी टपकने की चिंता रहती थी और कच्चे घर में रहने से सांप कीटो का भी डर बना रहता था। जिससे वे एक सदैव एक मानसिक तनाव का अनिभव करते थे। अब, पक्के घर में रहने से वह तनाव मुक्त और सुरक्षित महसूस करते हैं। साथ ही उनकी सामाजिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। अब वह गर्व से अपने परिवार के साथ पक्के घर में सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जो उनकी मेहनत और प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का परिणाम है। चैतराम का कहना है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना ने उनके परिवार को महज एक घर नहीं, बल्कि एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का अवसर दिया है। अब वह अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए और जीवन के अन्य पहलुओं में प्रगति के लिए अधिक प्रेरित और उत्साहित महसूस करते हैं।

# जनसंपर्क विभाग के छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्योग मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने किया अवलोकन

जनादेश परब के उपलक्ष्य में विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी



कोरबा । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने विभाग द्वारा प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन मे हुए सकारात्मक बदलाव सहित जिले के अनेक विकास कार्यों, उपलब्धियों, नवाचार के संबंध में छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, डॉ राजीव सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री कमलज्योति, सुरजीत सिंह चौहान, मनोज रजक, रावेन्द्र सिंह, आशुतोष गौरहा, मनीष यादव, नंदकुमार सूर्यवंशी, आर. के कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगण, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी अतिथियों ने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का सराहना की। शिविर में आए सभी जनप्रतिनिधियों एवं आमजनो को जनमन, उदित छत्तीसगढ़, सुशासन के नवीन आयाम सहित अन्य पत्रिका का वितरण भी किया गया।

# धान उठाव में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर

62 हजार 429 मीट्रिक टन का डीओ जारी, दस हजार 303 मीट्रिक टन का हुआ उठाव



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 63 हजार 566 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। कोरबा जिले में अब तक 62 हजार 429 मीट्रिक टन का डीओ जारी हो चुका है और दस हजार 303 मीट्रिक टन धान का उठाव भी हो चुका है। डीओ जारी करने और धान उठाव के मामले में कोरबा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। आज मिलर्स के हड़ताल के बाद भी हाथी प्रभावित केन्द्रों से धान उठाव कराया गया है। हड़ताल को ध्यान रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार से संग्रहण हेतु परिवहन शुरू कर दिया जायेगा। किसानों को परेशानी न हो इसके लिये खरीदी केन्द्रों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है। जिसमे उपार्जन केंद्र अखरापाली में 12966.40 क्विंटल, उतरदा मे 14184.00 क्विंटल, बोईदा में 7458.80 क्विन्टल, कटघोरा में 10171.20, कनकी में 10945.60, करतला में 18404.40, केरवाद्वारी में 16739.60, कुल्हरिया में 9022.40, कोथारी मे 18714.00, कुदमुरा में 3244.00, कोरकोमा में 7592.00, चचिया 3810.00, कोरबी(पाली) में 18640.40, कोरबी (पोड़ी उपरोड़ा) में 19277.60, चैतमा 14887.20, चिकनीपाली 15607.60, लबेद 12888.40, छुरीकला 9105.20, सुमेधा 4130.40, जटगा 8737.60, तुमान (जटगा)3076.80, जवाली 13187.20, रंजना 5648.80, तुमान 20050.80, तिलकेजा 7629.60, दुरपा 6715.60, नवापारा 18774.40, बेहरचुआं 11432.00, निरधी 19839.60, पठियापाली 7249.20, पसान 7558.40, लैंगा 6944.00, नुनेरा 9006.40, पाली 9950, बकसाही 11607.20, पिपरिया 4000, कर्रानवापारा 2548.80, पोड़ी 11634.40, पोड़ी उपरोड़ा 1990.40, फरसवानी 10506.40, बरपाली(कोरबा) 13366.40, बरपाली(बरपाली) 22481.60, तानाखार 1703.20, बिंझरा 9076.80, कुदरमाल 6183.20, भैंसमा 18086.40, भिलाई बाजार 6292.00, मोरगा 2486.40, मदवानी 4655.20, रामपुर 12728.00, पोटापानी 2348.80, लाफा 5952.80, सपलवा 1308.80, चिर्रा 2664.80, लेमरू 2631.20, श्यांग 12920.80, उमरेली 8070.00, सुखरीकला 5412. 80, सिरमिना 18204.80, दादरखुर्द 7979.20, सोनपुरी 3819.60, कराईनारा 7699.60, सोहागपुर 15778.00, नोनबिर्रा 8841.20, हरदी बाजार में 9018.40 क्विंटल धान खरीदी हुई है। राज्य सरकार द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। जिससे किसानों में उत्साह व्याप्त है।

# गजराजों की लगातार उपस्थिति से उपार्जनों केन्द्रों में रखी धान को नुकसान होने का डर



**कोरबा।** जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव को प्राथमिकता देने कहा है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उठाव तो हो रहा है पर वह नाकाफी है। इधर उपार्जन केंद्रों के आसपास घूम रहे हाथियों से खतरा मंडरा रहा है।

कोरबा और करतला ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र श्यांग, बरपाली, चचिया, चिर्रा, कुदमुरा, रामपुर जैसे उपार्जन केंद्र हाथी प्रभावित है। बुधवार की रात चचिया केंद्र में हाथी घुस गया था।

इससे कर्मचारी दहशत में रहे। हाथी ने तीन बोरी धान को खाने के बाद कुछ बोरियों को नुकसान भी पहुंचाया। इस केंद्र में पहले भी हाथी नुकसान पहुंचा चुके हैं लेकिन उठाव नहीं हो पा रहा है। हाथी प्रभावित क्षेत्र में संचालित उपार्जन केंद्र के कर्मचारी उठाव नहीं होने से काफी चिंतित हैं। कभी भी हाथी केंद्र में पहुंचकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। मिलर्स के द्वारा धान उठाव शुरू कर दिया गया है लेकिन उठाव की रफ्तार धीमी है। उपार्जन केंद्रों में 90 हजार क्विंटल ही धान का उठाव हुआ है जबकि खरीदी 6 लाख क्विंटल से अधिक हो चुकी है। केंद्रों में 5 लाख क्विंटल से ज्यादा का धान जाम है।उठाव की रफ्तार धीमी होने से जिन उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो चुका है वहां अब धान रखने में समस्या आ रही है।

### केंद्रों में होने लगी भरपूर आवक

इधर उठाव कम हो रहा है तो आवक बढ़ गई है। धान खरीदी शुरू हुए अब एक माह हो गए हैं। लगभग किसान अपनी फसल समेट चुके हैं और बिक्री करने होड़ लगी है। इसके चलते उपार्जन केंद्रों में धान की भरपूर आवक हो रही है। ऐसे में उठाव की रफ्तार भी बढ़ानी होगी।

## नगर निगम आयुक्त ने प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यस्थल का किया निरीक्षण

**कोरबा ।** नगर निगम क्षेत्र के टी.पी. नगर जोन में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के स्थलों का निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने निरीक्षण किया। अधिकारियो के साथ निगमायुक्त श्री पांडेय ने इंदिरा स्टेडियम परिसर, स्वीमिंग पूल, सतनाम प्रांगण, आडिटोरियम, खेल मैदान भी पहुंचे। यहां की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। पूर्व में किए गए कार्यों की गुणवत्ता देखी। स्टेडियम परिसर के नजदीक सतनाम भवन परिसर के नए भवन का भी अवलोकन किया। इसके बाद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। शहर के प्रमुख मार्गों की सफाई कार्यों का निरीक्षण किया।

# गोंगपा के लोग भी शामिल हुए क्रिसमस की रैली में



**कोरबा।** 13 दिसंबर 2024 को मसीह संगठन पोड़ी ब्लॉक की ओर से क्रिसमस रैली का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 लोगों ने भाग लिया। यह रैली प्रार्थना भवन नवापारा से चोटिया बस स्टैंड होते हुए क्रिश्चियन चर्च चोटिया में समापन की गई। रैली की अध्यक्षता रेवरेंट अमृतलाल एवं संगठन के 30 पास्टर प्रचारक गण रहे।

रैली में सहभागी होने के लिए बाहरी क्षेत्र से 30 पास्टर और सहभागी हुए। इस क्रिसमस की विशेष रैली में मोर का मिशन से फादर एडवर्ड टोप्पो और फादर वरुण नायक और दो धर्म बहने विशेष तौर पर विशिष्ट मेहमान के रूप में सहभागी हुए। फादर वरुण टोप्पो रैली के मुख्य वक्ता रहे और उन्होंने यीशु मसीह के प्रेम और उसके संसार में आने के उद्देश्य को बताया और इस क्रिसमस रैली को दूसरों के लिए प्रेम के साथ बांटने का एक माध्यम कहा।

इस क्रिसमस रैली में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से वरिष्ठ कार्यकर्ता भी सहभागी हुए। रैली कार्यक्रम के पक्ष विशेष क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन भी हुआ जिसमें कई चर्च के बच्चों ने विशेष नृत्य, क्रिसमस गीत और नाट्य इत्यादि का प्रोग्राम दिया। इस रैली के मुख्य उद्देश्य के बारे में रेवरेंट अमृतलाल मीन ने बताया कि वर्तमान समय में कलीसिया में हो रहे सताओ और समस्याओं के लिए हम सभी लोग एकजुट होकर मसीह विश्वास का अंगीकार के साथ हम एकता को संगठन को मजबूत कर सकें। एक-दूसरे के साथ मिलकर देश की शांति, स्थिरता और सुशासन के लिए प्रार्थना कर सकें। हम सभी क्रिसमस के इस रैली में यीशु मसीह के आदित्य प्रेम का प्रचार कर सकें।

# नाली के खुले होने से आए दिन गिरकर घायल हो रहें मवेशी

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लक्ष्मण वन, राताखार, इमली डुग्गु, रामसागर पारा इकाई जिला कोरबा की विस्तारित बैठक लक्ष्मण वन शिव मंदिर के पास 12 दिसंबर को शाम 6 बजे आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता कामरेड राम मूर्ति दुबे ने की। जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा द्वारा पार्टी की सांगठनिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। तदोपरांत अध्यक्ष द्वारा कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा कराई गई । जिस पर कामरेड मीना यादव, कामरेड हेमा चौहान, कामरेड सुमित्रा चौहान, कामरेड केवरा यादव, कामरेड लता, कामरेड खेल बाई, कामरेड दीपक कश्यप ने पुरजोर तरीके से वार्डों की जन समस्याओं को उठाते हुए निगम महापौर और अधिकारियों को आड़े हाथों लिया।नाली की समस्या और अव्यवस्था को उठाया गया। सभी नालियां पूरी तरह से जाम है और ढक्कन टूटा हुआ है जिसके कारण आए दिन बच्चे, मवेशी इसमें गिरते रहते हैं। इस वजह से यहां अप्रिय घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। लगातार शिकायत के बावजूद निगम के संबंधित अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।बैठक में आसन्न पार्षद चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर एक कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें कामरेड मीना यादव, कामरेड हेमा चौहान, कामरेड राम मूर्ति दुबे, कामरेड केवरा यादव को शामिल करते हुए इस हेतु उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया।

# खेलो इंडिया महिला रग्बी लीग में कोरबा जिला रहा प्रथम

**कोरबा ।** कोरबा जिला की जूनियर और सीनियर महिला टीम चक दे कोरबा ने खेलो इंडिया इंटर स्टेट महिला रग्बी लीग में जीत हासिल की है। 12 और 13 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, रायपुर में आयोजित दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में 31 लड़कियों और महिलाओं की टीम सहित रग्बी एथलीट, कोच और मैच अधिकारी सहित लगभग 500 सदस्य शामिल हुए। महिला रग्बी लीग की बदौलत अब देश की युवा महिला रग्बी खिलाड़ियों के पास इस खेल से जुड़ने एक नया मंच मिल गया है।

भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि खेलों के माध्यम से खेलों में महिलाओं की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करना है। अस्मिता का अर्थ है क्रिया के माध्यम से महिलाओं को खेल के माध्यम से प्रेरित कर मीलों का पत्थर हासिल करना। भाग लेने वाली टीमों को तीन आयु वर्ग में विभाजित किया था जिसके अंतर्गत सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर महिला वर्ग बनाया गया था। इसमें चक दे कोरबा टीम महिला जूनियर और सीनियर वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया और अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जबरदस्त खेल का प्रदर्शन कर खिताबी जीत दर्ज की। टीमों को प्रथम पुरस्कार अलग-अलग 50 हजार रुपए दिया गया। नगर पंचायत पाली के मिनी स्टेडियम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में रग्बी के लिए खिलाड़ी जोर-शोर से अभ्यास करते हैं।

# अब ऑनलाइन नीलाम होगें रेत घाट

**कोरबा ।** अब शासकीय काम भी ऑनलाइन होने लगे हैं। इसी तर्ज पर प्रदेश में रेत घाटों की भी ऑनलाइन नीलामी होगी। इसके लिए साफ्टवेयर तैयार हो चुका है और जल्द ही साफ्टवेयर कंपनी से राज्य शासन अनुबंध कर प्रक्रिया शुरू करेगा। बोली लगाने वाले ऑनलाइन ही आवेदन व सिक्युरिटी मनी जमा कराएंगे। सिक्युरिटी मनी की वापसी भी ऑनलाइन होगी। साफ्टवेयर के माध्यम से प्रोजेक्टर पर बोलीदार लाइव देखा जा सकेंगे। इस प्रक्रिया से प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन के बंद होने के साथ ही एक व्यक्ति को जिले में 1 तो प्रदेश में 5 घाट ही दिए जाने के नियम का सख्ती से पालन होने का दावा किया जा रहा है।

जब भी कोई जिला एक या अधिक घाट को नीलाम करना चाहेगा तो वह अनुबंध की हुई साफ्टवेयर कंपनी को सूचना देगा। कंपनी नीलामी की सूचना प्रकाशित करेगी। बोलीदार कंपनी में रजिस्ट्रेशन कराएंगे व अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र सहित सभी दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करेंगे। वे आवेदन की फीस व घाट की सिक्युरिटी मनी ऑनलाइन पटाएंगे। नीलामी के दिन जिले में खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कम्प्यूटर सिस्टम लेकर बैठेंगे। वहां प्रोजेक्टर लगा होगा। वहां बोलीदारों के निवास प्रमाण पत्र की जांच होगी। पहले टेक्निकल बीड होगा फिर फाइनेंशियल बीड की प्रक्रिया होगी। जिनके दस्तावेज सही होंगे, वे लाटरी के लिए पात्र होंगे। वहीं अपात्रों की सूची स्क्रीन पर कारण सहित नजर आएगी। ओके का बटन दबाते ही पात्र बोलीदारों के नाम एक-एक कर लाटरी बाक्स में गिरते जाएंगे और उनमें से एक नाम निकलेगा। वहां मौजूद बोलीदार ये पूरी प्रक्रिया प्रोजेक्टर पर देखेंगे। जिसका नाम निकलेगा, उसे एडीएम सफल बोलीदार घोषित करेंगे। क्योंकि यदि उसके नाम पर पहले से ही प्रदेश में 5 घाट हैं तो साफ्टवेयर उसका नाम लाटरी में शामिल ही नहीं करेगा।

### झंझट से मिलेगा छुटकारा, प्रक्रिया होगी आसान

अभी बोलीदारों के आवेदनों को सील की हुई पेटियों में रखा जाता है। सिक्युरिटी मनी डीडी से लेते हैं। ज्यादातर बोलीदार अंतिम तारीख को आवेदन जमा करते हैं। इसके कारण देर रात तक सैकड़ों आवेदन आते हैं। इससे नीलामी की तारीख आगे खिसक जाती है। पेटियों को कोषालय में पूरी सुरक्षा में रखवाना होता है। नीलामी में बड़ी संख्या में स्टाफ की ड्यूटी लगती है। बोलीदारों की भारी भीड़ जुटती है। उनके सामने आवेदनों की छंटनी होती है। आवेदनों की संख्या काफी ज्यादा होने व हर दस्तावेज की जांच करने में सुबह से रात हो जाती है। लाटरी के लिए योग्य बोलीदारों की पर्ची बनाने में भी समय लगता है। पर्चियों को कांच के पारदर्शी बाक्स में रखकर किसी व्यक्ति की आंख में पट्टी बांधकर एक पर्ची निकलवाई जाती है।

जिसके नाम की पर्ची निकलती है, उसे तत्काल सफल बोलीदार घोषित नहीं कर पाते क्योंकि यह चेक करना होता है कि कहीं उसके नाम पर प्रदेश में पांच रेत घाट का ठेका तो नहीं है। फिर डीडी वापसी के लिए बोलीदारों की खनिज विभाग में लंबी लाइन लगती है।

### मोबाइल पर देख सकेंगे प्रक्रिया

ऑनलाइन नीलामी होने की पूरी प्रक्रिया को रिकॉर्ड भी किया जा सकेगा ताकि विवाद की स्थिति में इसकी जांच की जा सके। बोलीदार नीलामी की प्रक्रिया को बगैर नीलामी स्थल पर आए घर बैठे ही मोबाइल पर देख सकेंगे। इसके लिए भी इंतजाम किया जा रहा है। इसके लिए कंपनी के द्वारा एक लिंक जनरेट किया जाएगा। इसके माध्यम से बोलीदार प्रक्रिया को ऑनलाइन देख सकेंगे।

## मधुमिता का आईआईटीचयन

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र प्रगति नगर कॉलोनी दीपका निवासी मधुमिता महंत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मधुमिता, सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत की पुत्री हैं। हाल ही में उनका चयन आईआईटी हैदराबाद में पीएचडी के लिए हुआ है। मधुमिता ने अपनी शिक्षा के प्रारंभ से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर से सिविल इंजीनियरिंग में ऑनर्स डिग्री प्राप्त की और एनआईटी वारंगल से एमटेक की। इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने फोन पर बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# सरकार पर कई आरोप लगाकर महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**कोरबा।** मुड़ापार बाजार के पास महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 1 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में प्रदेश सरकार के विरोध में चरणबद्ध धरना प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी मुख्यमंत्री अपने ही आदिवासी समाज को न्याय नही दिला पाए, आज आदिवासियों का आशियाना, जमीन, खेती, जंगल को, हसदेव अरण्य को उजाड़ दिया गया, विरोध करने पर उन निहत्थे आदिवासियों को मारा गया, उन पर धाराएं लगा दी गई। इसके बाद भी सुशासन है तो ये सुशासन केवल भाजपा के लिए हैं न कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी, अनुसूचित जाति, मजदूर, गरीब, महिला के लिए है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार दिल्ली से संचालित है, आज विष्णुदेव साय कोई भी निर्णय नही ले सकते केवल तामीली अधिकारी बन कर रह गए है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर कुसुम द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। शराबियों को सभी सुविधाएं दी जा रही है, घर पहुंच सेवा के द्वारा शराबियों को दारू दी जा रही है। ये भाजपा का रामराज्य है, ये सरकार हर दृष्टि से असफल है।

महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तंवर ने कहा कि भाजपा विज्ञापन की सरकार है। किसानों से जो वादे किए आज किसान अपने धान लेकर भटक रहे है। एक मुश्त पैसे देने की बात करने वाले 3100 रुपए कि रसीद काट रहे है और 2300 रुपए पेमेंट कर रहे है, शेष राशि कब मिलेगी कि नहीं राम जाने। बांकी मोंगरा ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर ने भाजपा सरकार के एक साल के विफलताओं को बताते हुए कहा कि बलौदा बाजार अग्निकांड, लोहारीडीह हत्याकांड, बलरामपुर हादसा, हसदेव जंगल कटाई आदि मामले भाजपा सरकार के सफलता की सच्चाई है।

आयोजित कार्यक्रम को शशीलता पाण्डेय, शांता मंडावे, पुष्पा पात्रे, माधुरी ध्रुव, हमीदुन, रेशमा बेगम, छतबाई चौहान, अनीता तिवारी, जमुना राठौर, पूजा महंत, टिंकी महंत, योगिता चौहान, रितु महंत, सावित्री पाण्डेय, आरती बिंझवार, सकिला बेगम, आरफा बेगम, देवकीनंदन सिंह, सुनीता यादव, श्याम बाई खुंटे, शशी सारथी, त्रिवेणी मिरी, नीरा मोदी, निशांत, बबीता आदिले, आंगन बाई, संजीदा बेगम, सारौ बाई, निर्मला चौहान, ईशा चौहान, प्रमिला यादव, ललिता यादव, फरीदा बेगम, रजिया बेगम, संगन, जैतुन निशा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में कुसुम द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया।

# 25 हजार से अधिक मामले में रखे गए लोक अदालत में



**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन श्री सत्येंद्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्षता में किया गया। उक्त अवसर में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा शर्मा, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुनील कुमार नंदे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा कु0 सीमा चंद्रा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक कोरबा के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, श्री सत्यानंद प्रसाद, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, कु0 डिम्पल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दोमंजीत जांगडे, श्रीमती रिचा यादव, श्री गणेश कुलदीप अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, कोरबा, दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम में उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में कुल 25341 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 4889 एवं प्री-लिटिगेशन के 20452 प्रकरण थे। जिसमें राजस्व मामलों के प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कुल प्रकरणों सहित 19582 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के आधार पर हुआ। तालुका स्तर में भी किया गया लोक अदालत का आयोजन राजीनामा आधार पर किया गया प्रकरण का निराकरण

# आदिवासी की जमीन की गैरकानूनी ढंग से रजिस्ट्री, उप पंजीयक निलंबित

**जांजगीर-सक्ती।** आदिवासी के जमीन की गैर कानूनी ढंग से रजिस्ट्री का मामला सक्ती जिले में सामने आया है। तत्कालीन उप पंजीयक को दोषी पाते हुए बिलासपुर संभाग के आयुक्त ने निलंबन की कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के ग्राम बोरदा निवासी जानकी बाई गोंड़ पति गणेशराम ने ग्राम कंचनपुर स्थित अपनी जमीन को बेचने के लिए आवेदन दिया था। बाद में 25 जुलाई 2024 को इस मामले में विक्रय पत्र का निष्पादन तत्कालीन सक्ती उप पंजीयक प्रतीक खेमुका द्वारा कर दिया गया। गैर कानूनी तरीके से गैर आदिवासी श्रीमती मुस्कान बंसल पति आयुष बंसल के नाम रजिस्ट्री करा दी गई। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंची। इसके बाद इस मामले की गहन जांच हुई। जांच में यह बात सामने आई कि तत्कालीन उप पंजीयक सक्ती प्रतीक खेमुका (वर्तमान में उप पंजीयक बिलासपुर) द्वारा सक्ती में अपनी पदस्थापना के दौरान ग्राम कंचनपुर तहसील सक्ती जिला सक्ती स्थित भूमि खसरा नम्बर 14/3 रकबा 0.12 एकड़ आदिवासी विक्रेता जानकी बाई पति गणेशराम, कुमारी जानकी बाई पति गणेशराम, कुमारी पदमनी पिता गणेशराम सोनू उर्फ हिमांशु गोड़ पिता गणेश राम सभी जाति गोद निवासी बोरदा पोस्ट जाजंग तहसील सक्ति जिला सक्ति से गैर आदिवासी क्रेता श्रीमती

मुस्कान बंसल पति आयुष बंसल निवासी झूल कदम टेमर रोड, बंसल भवन सक्ति जिला सक्ति के पक्ष में कलेक्टर के अनुमति के बिना 25 जुलाई 2024 को विक्रय पत्र का निष्पादन निष्पादन कर दिया गया है। बिलासपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे ने इसे गंभीरता से लिया और छग भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) का स्पष्ट उलंघन पाते हुए प्रतीक खेमुका तत्कालीन उपपंजीयक सक्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दया। निलंबन अवधि में खेमुका का जिला पंजीयक कार्यालय नियत किया गया है।

## राशनकार्ड का नवीनीकरण 28 फरवरी तक

**जांजगीर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 31 अक्टूबर तक वृद्धि की अनुमति दी गई थी। राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की समय-सीमा 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाई गई है। इसलिए नागरिक संबंधित राशन वितरण की दुकानों व निगमों में राशन कार्ड का नवीनीकरण करवा सकते हैं। बता दें कि पूर्व में निर्धारित समय सीमा के बाद भी कई लोगों ने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है। उन्हें एक बार फिर अवसर दिया गया है। वे लोग जिन्होंने अब तक नवीनीकरण नहीं कराए हैं, वे तुरंत करवा लें। लोगों की सुविधा के लिए यह तारीख बढ़ाई गई है। जो लोग नवीनीकरण नहीं कराएंगे, उन्हें भविष्य में राशन मिलने में परेशानी होगी। इसलिए बिना देरी किए नवीनीकरण का काम करवाना होगा।

# डॉ.महंत के जन्मदिन पर फल वितरण एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सक्ति।** गत 13 दिसंबर दिन बुधवार को डॉक्टर चरण दास महंत विधायक शक्ति एवं नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा के जन्मदिन के अवसर पर सवेरे 9:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रतिवर्ष की भांति अधिवक्ता राकेश महंत एवं उनके साथियों द्वारा फल वितरण किया गया एवं कचहरी परिसर शक्ति में 11.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ो अधिवक्ताओ, न्यायालयीन कर्मचारियो , जनपद पंचायत , राजस्व विभाग के कर्मचारियों ,पक्षकारो पत्रकारों ,ग्रामीणो एवं नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया तथा आवश्यकता अनुसार दवा प्राप्त किया ।

इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश महंत ने डॉ चरण दास महंत की उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना ईश्वर से करते हुए डॉक्टर चरण दास महंत को लोकप्रिय, जननायक गरीबों का मसीहा निरूपित किया । दोपहर 2:00 बजे महामाया मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात डॉक्टर चरण दास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, सूरज चरणदास महंत ,सुप्रिया महंत एवं राकेश महंत ने मंदिर परिसर में जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किया।



उक्त कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे नरेश सेवक अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ शक्ति ठाकुर गुलजार सिंह सूरित राम चंद्रा संजय अग्रवाल श्याम सुंदर अग्रवाल नरेश गेवाड़ीन राहुल अग्रवाल सोनू कुरैशी सुभाष देवांगन राम सजीवन देवांगन गजाधर यादव, संतोष सोनी लाला, चंदन देवांगन, रन साय बरेठ, घसिया दास महंत, दया दास महंत, घनश्याम देवांगन राकेश राठौर, धनेश्वर जायसवाल, राजेश शर्मा, गोविंद भार्गव,साधेश्वर गबेल बंटी धांजल गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर टीकाराम कुर्रे मेनका जायसवाल अनीता महंत, जय महंत, कलावती सांडे अलका जायसवाल, केवरा साहू, रथ राम पटेल, दिनेश बरेठ, केवरा कुर्रे, संजय कोसले, दीप्ति टंडन, महादेव निराला, कलेश्वर कुर्रे, क्लेश पटेल, निर्मल दास महंत, संत राम उरांव, अधिवक्तागण लीलाधर चंद्रा, संदीप बनाफर, संतोष जायसवाल, शकील मोहम्मद, ऋषिकेश चौबे ,पवन शर्मा, पीयूष राय, अरविंद भारद्वाज, मनोज जायसवाल, महेश अग्रवाल ,ईश्वर देवांगन, सुभाष शर्मा, देवेंद्र निर्मलकर, गजाधर साहू ,सुरित राम चंद्रा, उदय वर्मा, दादू चंद्रा ,प्रमोद पांडे , रऊफ खान, मनोज अग्रवाल, दुर्गा साहू, मुन्ना पटेल, सुरेंद्र शर्मा, भीम देवांगन, संतोष साहू ,अश्वनी राठौर, अजीत सिंह क्षत्रिय, चंद्र कुमार भारद्वाज, कमल साहू ,हुलास राम चौहान, कृष्ण कुमार साहू ,कृष्ण कुमार देवांगन, छवि पटेल, प्यारे पटेल ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतिक शेख फार्मासिस्ट रामगोपाल थवाईत विवेक थवाईत श्रीमती प्रतिभा साहू एएनएम श्रीमती प्रतिमा साहू एम एलटी स्टाफ नर्स श्रीमती कमलेश चंद्रा श्रीमती नीलिमा चंद्रा गुंजा सिदार श्रीमती गीतांजलि यादव एएनएम श्रीमती अंजू रत्नाकर सुमन टोप्पो लक्ष्मी यादव वैभव बरेठ झंडा राम विष्णु दास महंत धनंजय पटेल सहित अन्य उपस्थित थे ।

# आवागमन में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** चांपा शहर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर संचालित दुकानों से आवागमन बाधित हो रहा था। इसे देखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। ट्रैफिक प्रभारी के साथ ही चांपा पुलिस और नगर पालिका ने अतिक्रमण हटवाया।

चांपा के प्रवेश द्वार से ही बेजा कब्जा का दौर चालू हो जाता है. जहां नियत स्थान में दुकान होने के बावजूद दुकानदारों द्वारा अपना सामान बाहर निकाल कर रखा जाता है। जिससे आवागमन बाधित हो जाता है और आम जनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक दूसरे की देखा देखी सामान आगे बढ़ने का दौर जारी रहता है जिससे परेशानी बढ़ती जाती है। इसे देखते हुए बीती रात ट्रैफिक प्रभारी प्रदीप जोशी के साथ चांपा



पुलिस और नगर पालिका को टीम ने रोड किनारे दुकानों के बाहर समानों को निलकने वालो को समझाइस दी। दुकानदारों का सड़क से सामान हटवाया गया। साथ ही अपना सामान तय दायरे में ही रखने की चेतावनी दी गई। बेरियर चौक के पास प्रकाश इस्डस्ट्रीज लिमिटेड के यात्री प्रतीक्षालय में दुकानदार द्वारा कब्जा कर फल दुकान खोल लिया गया था। इसे भी ट्रैफिक पुलिस के प्रभारी ने स्थानीय पुलिस और पालिका प्रशासन के सहयोग से हटवाकर बेजा कब्जा मुक्त कराया गया।

## अमन का केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में हुआ चयन

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद निवासी अमन लदेर का केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का चयन हुआ है। अमन ने बताया कि उसका बचपन से ही करे। वह एसएससी (जीडी) परीक्षा की तैयारी साल भर पूर्व से किया और मैने कड़ी मेहनत की। उन्होंने बताया कि सेना में जाने की प्रेरणा उसे अपने परिवार से मिला इसके पूर्व में अमन लदेर के बड़े पापा शिवशंकर लदेर हेड कांस्टेबल सीआईएसएफ भोपाल में तैनात है और बड़े भाई अंशुमन लदेर हेड कांस्टेबल के पद पर सीआईएसएफ राजस्थान में देश की सेवा दे रहे है। अमन ने अपनी सफलता का श्रेय लगन, मेहनत के साथ पिता सूरज शंकर लदेर पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत राहौद, अपनी माता श्रीमती दुलौरिन लदेर पूर्व पार्षद नगर पंचायत राहौद के साथ साथ अपने परिवार व नगर के बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद को अपना सफलता का श्रेय दिया है। अमन लदेर के सीआरपीएफ में चयन होने पर नगर पंचायत राहौद अध्यक्ष श्रीमती आरती धीरेन्द्र योगी, संतोष यादव, सतीश पटेल, ऋषभनाथ योगी, अमित अनंत, मुकेश कश्यप, अनमोल योगी, युवराज योगी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 7 एकड़ भूमि को अपने नाम पर दर्ज कराने वाले आरोपियों को डभरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सक्ती।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी डोलनारायण पटेल पिता जीवराखन लाल पटेल उम्र 64 वर्ष साकिन रेड़ा थाना डभरा उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि स्वयं के पॅतृक भूमि 07 एकड़ जमीन को आरोपी शिवनंदन, खगेश्वर, घासीलाल, हेमप्रसाद लक्ष्मीनारायण पटेल तथा देवनारायण पटेल के द्वारा 1994- 95 में राजस्व कर्मचारियों के साथ आपसी षडयंत्र कर मिली भगत से बिना बिक्री एवं वैध नामांतरण से आदेश के उनके स्वत्व की भूमि को अपने नाम से राजस्व अभिलेखो पांचशाला खसरा भू-अभिलेख में चढ़ावाकर तथा नामांतरण पंजी में काट-छाट कर खसरा पांचशाला मे के पन्नों को बदलकर तथा खसरा नं. को बदलवाकर लोक दस्तावेजों में कुट रचना कर अपने नाम पर दर्ज कर लिया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 323/2021 धारा 420,467,468, 471, 120बी भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री।अंकिता शर्मा (भा.पु.से) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / डभरा अंजली गुप्ता द्वारा गंभीर अपराधों में जल्द साक्ष्य संकलन कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी करने का कड़ी निर्देश प्राप्त होने पर राजस्व अभिलेखो नामांतरण पंजी, खसरा पांचशाला, बी-1 के अवलोकन से आरोपी की पुष्टि पाये जाने से आरोपी 01.घासीलाल पटेल पिता स्व. जीवनलाल पटेल उम्र 66 वर्ष, 02 हेमप्रसाद प्रसाद पटेल पिता स्व. जीवनलाल पटेल उम्र 62 वर्ष, 03. देवनारायण पटेल पिता रघुनंदन पटेल उम्र 46 वर्ष, 04. खगेश्वर पटेल पिता शिवनंदन पटेल उम्र 58 वर्ष साकिनान रेड़ा पारा बिजनी थाना डभरा को दिनांक 14.12.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

## 6,923 प्रकरणों का निराकरण 4.52 लाख की वसूली



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला न्यायालय बैकुंठपुर और मनेंद्रगढ़ में वर्ष की चौथी और अंतिम नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 6,923 प्रकरणों का निराकरण राजीनामे के आधार पर किया गया, जिससे 4,52,07/- की राशि की वसूली की गई।

**अदालती प्रक्रिया**- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रिजवान खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आयोजन के तहत सिविल न्यायालयों में कुल 45 खंडपीठ बनाए गए।

**लंबित प्रकरण**-3,238 लंबित प्रकरणों में से 245 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिससे 95,796/- की राशि वसूली गई।

**राजस्व प्रकरण**-बैकुंठपुर में 9 और एमसीबी में 49 खंडपीठ गठित किए गए, जहां 6,664 राजस्व प्रकरणों का निपटारा हुआ।

**प्री-लिटिगेशन प्रकरण**-बैंक, विद्युत, नगरपालिका, टेलीफोन और राजस्व विभाग से जुड़े 3,579 प्रकरणों में से 6,778 प्रकरणों का सफल निपटारा किया गया।

नेशनल लोक अदालत में कुल 6,923 प्रकरणों का निपटारा कर 4,52,07/- की वसूली की गई।

यह आयोजन न्यायालयीन प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाने का एक प्रभावी मंच साबित हुआ। आपसी सुलह और समझौतों के जरिए आमजन को राहत प्रदान करने के इस प्रयास की प्रशंसा की जा रही है।

# पालिका प्रशासन की लापरवाही,खुले रूप से हो रहा मांस विक्रय

### कलेक्टर कोरिया का आदेश दरकिनार

**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा प्रशासन की लापरवाही व ढुलमुल कार्यशैली की वजह से सार्वजनिक स्थलों व बाजार में खुले रूप से मांस विक्रय निर्वाध रूप से चल रहा है जानकारी देने व शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में वर्षों से मुख्य मार्ग के किनारे खुले रूप से सार्वजनिक स्थल पर मांस विक्रय किया जाता था जिसके शिकायत स्थानीय नागरिकों ने वर्तमान कलेक्टर कोरिया से की और इन व्यवसाईयों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की संवेदनशील कलेक्टर कोरिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अधिकारी को मीट मटन व्यवसाईयों का स्लॉटर हाउस में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे जिस पर नगर पालिका अधिकारी द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से सभी व्यवसाईयों को स्लॉटर हाउस में शिफ्ट कराया गया व आश्वासन दिया गया कि आपकी सभी सुविधाओं का ख्याल ख्याल रखा जाएगा किंतु उसके बाद नगर पालिका अधिकारी कभी भी स्लॉटर हाउस नहीं गए उन्होंने मीट मटन व्यवसाईयों की समस्याओं को जानना उचित नहीं समझा कुछ दिनों तक पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर मांस विक्रय पर प्रतिबंध रहा लेकिन उसके बाद कई जगहों पर बिक्री चालू हो गई पालिका प्रशासन द्वारा कलेक्टर कोरिया के दिशा निर्देशों को जानबूझकर दरखाना कर दिया गया पालिका क्षेत्र केसाप्ताहिक बाजार रविवार के दिन श्रमवीर स्टेडियम में आस्था के केंद्र हनुमान मंदिर की बाउंड्री के बेहद समीप खुले रूप से मछली बेची जाती है वहीं बाजार के अंदर भी कई जगहों पर



मछली मुर्गा का विक्रय किया जाता है इसकी शिकायत स्लॉटर हाउस में मांस विक्रय करने वाले व्यवसाईयों के द्वारा नगर पालिका अधिकारी को शिकायत कर जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की गई जिस पर पालिका अधिकारी ने आश्वासन दिया कि कर्मचारी भेज रहे हैं किंतु कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा इसके बाद व्यापारियों ने कई बार फोन लगाया किंतु नगर पालिका अधिकारी फोन रिसीव नहीं किए जिससे व्यवसाईयों में काफी नाराजगी है वही व्यवसाईयों का कहना है कि हमें किनारे साइड में जगह दे दी गई है जिस पर हमारा व्यापार भी ठप हो गया है है और बाहर से आने वाले लोग खुले रूप में अपना माल बेचकर चले जाते हैं प्रतिबंध सिर्फ हम लोग के ऊपर लगाया गया है जो कि अनुचित है हमें भी रविवार के दिन बाजार में विक्रय करने की अनुमति दी जाए पालिका प्रशासन की लापरवाही की वजह से स्थानीय श्रद्धालु जनों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही है स्थानीय नागरिकों ने पालिका प्रशासन से अपेक्षा की है कि सार्वजनिक रूप से खुले रूप में बिक रहा है मांस मछली के प्रति कार्यवाही कर अंकुश लगाएगी अन्यथा नागरिकों को सामने आकर विरोध करने हेतु विवश होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी।

## शहीद की पहली पुण्यतिथि पर दो दिनी सभा में दी श्रद्धांजलि

**हसौद।** नक्सली हमले में शहीद जवान कमलेश साहू के प्रथम पुण्यतिथि पर दो दिवसीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। 13 दिसंबर 2023 को नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र स्थित अमदाई घाटी में हुए नक्सली हमले में विस्फोट के दौरान आरक्षक कमलेश साहू शहीद हो गए थे। शुक्रवार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि है।

इस अवसर पर उनके गृह निवास ग्राम अमदाई में बिजली ऑफिस के पास स्थित पर 13 दिसंबर से दो दिवसीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। 13 दिसंबर को रामायण पाठ, भजन और कीर्तन का आयोजन हुआ। स्थानीय भजन मंडलियों और रामायण मंडलियों के माध्यम से शहीद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। दूसरा दिन 14 दिसंबर की सुबह शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोपहर 3 बजे से चौका आरती का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कमलेश साहू का जन्म 7 अक्टूबर 1993 को छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के अमदाई में हुआ था।

वे अपने माता-पिता के बड़े पुत्र थे। बचपन से ही कमलेश में सेवा और कर्तव्य के प्रति गहरी निष्ठा थी। बड़े होकर उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती होकर देश सेवा की राह चुनी। पुलिस बल में रहते हुए वे नक्सल विरोधी अभियानों का हिस्सा बने और अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम-जोगीपाली, प.ह.नं.-3
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छग)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्री आशीष दुबे पिता स्व. श्री एन.पी. दुबे जाति ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जोगीपाली प.ह.नं. 3 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 593/3, ख. नं. 593/4 एवं ख.नं. 593/6 रकबा क्रमशः 0.101 हे., 0.162 हे. एवं 0.061 हे. कुल रकबा 0.324 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 31/12/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम-जोगीपाली, प.ह.नं.-3
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छग)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ज्योत्सना पाण्डेय पति अंशुमन पाण्डेय जाति ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जोगीपाली प.ह.नं. 3 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 589/2, ख.नं. 589/3,590/3 एवं ख.नं. 590/4 रकबा क्रमशः 0.259 हे.,0.259 हे. एवं 0.059 हे. कुल रकबा 0.636 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 31/12/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम-बरपाली, प.ह.नं.-3
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छग)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज कुमार झा पिता स्व. पुष्पनारायण झा जाति ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम बरपाली तहसील बरपाली व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरपाली प.ह.नं. 6 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 755/8, ख.नं. 755/9 एवं ख.नं. 755/10 रकबा क्रमशः 0.133 हे.,0.0610 हे. एवं 0.0810 हे. कुल रकबा 0.275 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 31/12/2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला-कोरबा (छ.ग.)


# जनसंपर्क विभाग की फ़ोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर राज्य की उपलब्धियों और विकास योजनाओं की जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन और विकास के क्षेत्र में मिली सफलताओं को रेखांकित किया।

विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए प्रशासन को पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाया है। सुशासन सुनिश्चित करने के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। नागरिक सेवाओं को डिजिटल माध्यम से सुलभ बनाने पर जोर दिया गया है।

विधायक ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक 6530 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है।

विधायक ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति दी है। राज्य के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक



मुफ्त राशन दिया जा रहा है। युवाओं के लिए रोजगारपरक नई उद्योग नीति लागू की गई है, जिसमें स्वरोजगार और लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्रहण की दर 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपए मानक बोरा की गई है। जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से समाज की पहचान को नया आयाम दिया गया है।

श्रीमती रेणुका सिंह ने बताया कि बीते एक वर्ष में 213 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है और 1750 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। बंद पड़े स्कूलों को फिर से खोला गया और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं को गति दी गई है।

उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि राज्य में पांच शक्ति पीठों का विकास, बस्तर पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण और भगवान राम से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक संबंधों को उजागर करने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के समन्वय से 31 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं और कई रेल नेटवर्क विस्तार योजनाओं को मंजूरी मिली है। श्रीमती रेणुका सिंह ने विगत एक साल में कोरिया जिले के उपलब्धि के बारे में बताया कि 93 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है, जो राज्य में तीसरे स्थान पर है। सरस्वती सायकिल योजना, महतारी वन्दन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के मामले में 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी बड़ी सफलता अर्जित की है।

विधायक ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई फ़ोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया, उन्होंने पेपर कतरनों की सराहना भी की। राज्य की जनता और मीडिया का धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार जनता के समर्थन से छत्तीसगढ़ को प्रगति और सुशासन का मॉडल राज्य बनाएगी।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप सहित बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि शामिल थे।

# विपरीत हालात में काम करने वालों को मिलेगी भाजपा की कमान

## संगठन चुनाव में मानक के अलावा कई चीजें महत्वपूर्ण

**कोरबा।** सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दर्जा केंद्र में सत्तारुद्ध भारतीय जनता पार्टी ने हासिल किया है। छत्तीसगढ़ में इन दिनों भाजपा के संगठन चुनाव पर काम हो रहा है। नई व्यवस्था के अंतर्गत 5 की बढ़ोत्तरी के साथ 24 मंडल और जिले के लिए संगठन ने कई प्रकार के पैरामीटर तय किए हैं। इसके हिसाब से अध्यक्ष का मनोनयन किया जाना है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कोरबा जिले में किसी भी पद पर पुनरावृत्ति नहीं होगी बल्कि नई जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन लोगों को मिलेगी जिन्होंने बीते 5 वर्ष विपरीत परिस्थितियों में संगठन के लिए पूरा जोर लगाया और मेहनत की।

कोरबा जिले में अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह का कार्यकाल बेहतर माना जा रहा है कि सरकार की वापसी अपने नीतियों के कारण हुई । और कोरबा जिले में काफी चुनौती पूर्ण मानी जा रही कोरबा विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत हुई। एक और विधानसभा में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा पिछली बार की तुलना में संख्या में बढ़ोतरी हुई। फिर भी जिला भाजपा अध्यक्ष को लेकर कहा जा रहा है कि मौजूदा अध्यक्ष ना तो दोबारा दावेदारी कर रहे हैं और ना ही पार्टी का संविधान ऐसा करने की अनुमति देता है। मंडल चुनाव को लेकर है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंडलों में भी हालात कुछ यही है। स्वाभाविक रूप से प्रदेश में सत्ता भाजपा की है इसलिए हर कार्यकर्ता जा रहा है की सक्रिय कार्यकर्ता बनाने से लेकर पिछले दौर में अपनी भूमिका को लेकर दावेदारी कर सकता है। चुनाव को लेकर आयु सीमा को भी एक मानक बना रखा है। कामकाज और कार्य क्षमता भी इस मामले में महत्व रखती है। अभी कहां गया है कि मंडल अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न कार्यकर्ता नेताओं से करीबी और अप्रोच को बहुत ज्यादा गंभीरता से ले रहे हैं लेकिन संगठन की नजर में यह गौण है। सूत्रों ने दावा किया कि अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करना एक हिसाब से सर्वाधिक हो सकता है लेकिन ऊपर में बैठे लोगों की अपनी समझ है और वह निर्देशों के तहत अगले काम को करने के लिए कर चुके है। बताया गया कि सत्ता होने पर अनुकूलता होती हैं जबकि सबसे बड़ी बात यह होती है कि कोई भी कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में संगठन की रीति-नीति और उसके द्वारा दिए जाने वाले कार्यक्रमों में किस प्रकार से भागीदारी कर रहा है और अपनी भूमिका को कैसे निभा रहा है। इस दृष्टिकोण से साफ तौर पर कहां गया है कि इस बार कोरबा सहित सभी जिलों में मंडल अध्यक्षों के लिए सबसे ज्यादा विचार उन्हें नाम पर होने वाला है जिन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कठिन हालातो में लोहा लिया और भाजपा संगठन के लिए पूरी दमदारी से काम किया। ऐसे कार्यकर्ताओं ने साबित किया कि वे किसी भी विकट परिस्थिति से डर नहीं सकते और उनके लिए प्राथमिकता कुछ और है। माना जा रहा है कि संगठन की इस बड़ी लाइन से भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन चुनाव में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है।

### अस्तित्व में आया सर्वमंगला नगर मंडल

संगठन ने नीतिगत रूप से शनिवार को भाजपा नगर मंडल बांकीमोंगरा को दो भागों में विभक्त करते हुए बांकीमोंगरा व सर्वमंगला नगर मंडल बना दिया गया। यहां पर चुनाव अधिकारी अशोक चावलानी ने नगर मंडल अध्यक्ष पद के लिए नाम भी मांगे और सहमति बनाने का प्रयास किया। बांकीमोंगरा मंडल से 11 व सर्वमंगला नगर मंडल से चार नाम सामने आये हैं। इन नामों की सूची को जिला चुनाव अधिकारी राजा पांडेय व सह अधिकारी संजय भवनानी को सौंपा जाएगा।

### पांच नये मंडल बनाये गये

सूचनाओं के अनुसार जिले में भाजपा के संगठन चुनाव के तहत अब सभी मंडल में चुनाव हो गए हैं। सूची सौंपने का काम लगातार जारी है। इससे पहले तक 19 मंडल थे जो बढ़कर 24 हो गये है। सर्वमंगला नगर मंडल के अलावा सरगबुंदिया को भी अलग मंडल बनाया गया है। पाली तानाखार क्षेत्र में दो नए मंडल बनाए गए हैं। कटघोरा मंडल को भी विभक्त कर जवाली को नया मंडल बनाया गया है। बांकीमोंगरा मंडल में 40 व सर्वमंगला नगर मंडल में लगभग 25 बूथ शामिल किये गए हैं। कोरबा नगर मंडल के फोकट पारा व राताखार के कुछ हिस्सों को सर्वमंगला नगर मंडल में शामिल किया गया है।

## तीसरी मंजिल से गिरे मजदूर की मौत

**कोरबा।** निर्माणाधीन मकान में बिना सुरक्षा उपकरणों के काम रहा मजदूर तीसरी मंजिल से सीधे नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पाली पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, पाली थाना के पास निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान के ऊपरी हिस्से में ग्राम सैला निवासी 40 वर्षीय पंचराम रोहिदास, माखनपुर निवासी 56 वर्षीय आत्मा राम और मंगल सिंह प्लास्टर लगाने का काम कर रहे थे। इस दौरान पंचराम रोहिदास पैर फिसल जाने की वजह से सीधे जमीन पर जा गिरा. सिर के बल गिरने से मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पाली पुलिस पंचनामा तैयार करने के साथ आगे की जांच में जुट गई है।

## मारपीट पर कार्रवाई नहीं

**कोरबा।** हरदी बाजार थाना अंतर्गत ग्राम मलगांव निवासी एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि मुआवजा मामले को लेकर उसके साथ कुछ लोगों ने घटना को अंजाम दिया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

खरही खाया, फसलों को पहुंचाया नुकसानः चोटिल हाथी भी शामिल

# गजराजों की चिंघाड़ से सूईआरा का जंगल गूंजा, ग्रामीण घरों में दुबके



नगर संवाददाता

**कोरबा।** करतला रेंज में विगत एक पखवाड़े से सक्रिय 50 हाथियों का दल अब सूईआरा जंगल पहुंच गये है। इस दल में चोटिल हाथी भी शामिल हो गया है। बीती रात अचानक पहुंचे दल ने सूईआरा गांव में ग्रामीणों के खलिहान में प्रवेशकर वहां रखे धान की खरही को खाने के साथ ही इतर-बीतर कर दिया । इतना ही नहीं खेतों व बाड़ी में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल व सब्जी के पौधों को भी तहस-नहस कर दिया है। हाथियों का उत्पात रात भर चला।

इस दौरान गांव हाथियों की चिंघाड़ से गुजंता रहा और ग्रामीण मारे डर के अपने-अपने घरों में दुबके रहे। बड़ी संख्या में हाथियों के आने तथा उत्पात मचाये जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला आज सुबह सूईआरा गांव पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किये गये नुकसानी का आकंलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपये की चपत लगी है। इस बीच कोटमेर जंगल में घुम रहे पैरों से चोटिल हाथी भी सूईआरा पहुंच हाथियों के दल में शामिल हो गया है, जहां बीती रात हाथियों के दल ने करतला रेंज के सूईआरा में जमकर उत्पात मचाया वहीं कुदमुरा रेंज में भी 29 हाथी सक्रिय है। हाथियों का दल कुदमुरा व धरमजयगढ़ के बॉडर में विचरण कर रहा है। कल यह दल अचानक कुदमुरा में प्रवेश किया था और रेंज के गितकुंवारी क्षेत्र में दिनभर विचरण करने के बाद बॉडर पहुंच गया। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर व पसान वन परिक्षेत्र में हाथियों का अलग-अलग विभिन्न स्थानों पर घुम रहा है। इसमें 18 हाथी एतमानगर के मढ़ई जंगल तथा 32 हाथी पसान के बीजाढांढ़ व अन्य क्षेत्रों में मौजूद है। बताया जाता है कि हाथियों का दल दिन भर जंगल में विश्राम करते है और शाम होने के बाद जंगल से निकलकर अलग-अलग समूहों में बंटकर खेतों में पहुंच जाते है और वहां लगे अरहर तथा अन्य रवी फसलों को नुकसान पहुंचाते है। जिससे ग्रामीण काफी हलाकान है।

## पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पंचायत चुनाव की शुरूआत कर दी है। अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं हुई और ना ही आरक्षण की घोषणा की गई है। कार्यकर्ता सिटों के आरक्षित होने का इंतजार कर रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य उरगा क्षेत्र के लिए कई लोगों ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इस क्षेत्र में कांग्रेस की ओर से रौशन खांडे, धरम खांडे, आशीष गांगुली, गोपी सारथी, वर्तमान सदस्य लखन लहरे तैयारी में जुटे हुए हैं तो दूसरी ओर भाजपा की ओर से प्रतीभा सोनवानी, कमलेश अनंत, रामचंद्र पाटले सहित अन्य लोग तैयारी कर रहे हैं। प्रतीभा सोनवानी भाजपा अजा मोर्चा की जिला मंत्री हैं और भाजपा महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष भी हैं। इन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा भी शुरू कर दिया है। लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को जानने का प्रयास कर रही है।

# वरिष्ठजनों को मिला सियान सदन, साझा करेंगे अनुभव



**कोरबा।** काफी समय से जिस चीज की कमी महसूस की जा रही थी उसे प्रशासन की संवेदनशीलता से पूरा करने का काम कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में कर लिया गया है। क्षेत्र के वरिष्ठ जनों को उनकी जरूरत के लिए सियान सदन उपलब्ध करा दिया गया। नियमित रूप से कुछ घंटे निकाल कर वरिष्ठ जन यहां बैठेंगे, चर्चा करेंगे और अपने अनुभव से दूसरों को लाभान्वित करने में भूमिका निभाएंगे।

कटघोरा के बेसिक स्कूल के पीछे स्थित गायत्री मंदिर के सामने वर्षों से बंद पड़े पुराने और जर्जर भवन को पुनर्निर्मित कर सियान सदन में परिवर्तित किया गया। इस कार्य को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा रोहित सिंह के निर्देश पर शुरू किया गया। नगर पालिका द्वारा भवन की सफाई, मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य करवाया गया। शनिवार को इस सियान सदन का उद्घाटन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। उन्होंने कहा सियान सदन में अब हमारे वरिष्ठजन अपनी विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर सकेंगे। वरिष्ठजनों के पास जो अनुभव का खजाना है, उसका लाभ हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए। यह पहल न केवल पुराने भवन का सदुपयोग सुनिश्चित करती है, बल्कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समर्पित स्थान उपलब्ध कराती है, जिससे सामुदायिक विकास को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर नगर पालिका कटघोरा के सीएमओ ज्ञान पुंज कुलमित्र, नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल, उपाध्यक्ष बजरंग पटेल, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, पार्षद संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश डिक्सेना तथा नगर के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आसुरी शक्तियों का उत्पात हर कालखण्ड में रहा हावी



**कोरबा।** अगहन मास में अनेक स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे है। ग्राम अंडीकछार के बुडगनिहापारा में श्रीवास समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार दुबे एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा के जिला कार्यवाह कैलाश नाहक विशेष रूप से उपस्थित हुए। पाली खंड के ग्राम अंडीकछार के बुडगनिहापारा में जगदीश श्रीवास एवं जगेश्वर श्रीवास के निवास स्थान में परिवार एवं समाज की सुख शांति के लिए श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खरसिया वाले भगवताचार्य पंडित दीपक कृष्ण महराज के द्वारा भागवत कथा किया जा रहा है। सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने समाज के सनातनियों से मिलकर कहा कि समाज के कल्याण एवं सनातन धर्म के संवर्धन के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है।

## एमडी कालोनी में चोर का हमला, एक घायल



**कोरबा।** उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाले अंदाज में चोरों ने पकड़े जाने के ड़र से अपना प्रभाव दिखाने के साथ देसी कत्ते से हमला कर दिया। एसईसीएल कर्मचारी विकास सोनी इस घटना में घायल हुआ है। उसे एंनसीएच गेवरा में भर्ती कराया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि देर रात यह घटना न्यू एमडी कॉलोनी में हुई। यहां पर क्वार्टर नंबर एमडी 797 में एसईसीएल कर्मचारी व्हीएन शर्मा निवासरत हैं। पिछली रात्रि को उन्होंने महसूस किया कि आवास के भीतर खतर-पटर की आवाज आ रही है । आशंका हुई की कोई अराजक तत्व की एंट्री हो गई है। उन्होंने मोबाइल पर पड़ोस में रहने वाले लोगों को इसकी जानकारी दी। कुछ देर में ग्राउंड फ्लोर में रहने वाले कर्मचारी विकास ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान चोरी करने के लिए घुसे बदमाश को पकड़ लिया गया। बताया गया कि उल्टा दाव पड़ने पर आरोपी ने पत्थराव कर दिया, जिससे सोनी के सिर पर गंभीर चोंट आई। उसे 6 टांके लगे हैं। जबकि घुनलाल साव का हाथ भी जख्ती हुआ है। हालांकि उसे घर पर स्वास्थ्य लाभ लेने को कहा गया है। बताया गया कि कर्मियों ने हमलावरों का काफी दूर तक पीछा किया लेकिन वे नहीं मिले। घटना की सूचना पर लगभग 4 बजे सुबह पुलिस यहां पहुंची और जानकारी ली। लोगों ने पुलिस को चोरों के हुलिये के बारे में तथ्यों से अवगत कराया है।

## युवा कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**कोरबा।** प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी को लेकर युवा कांग्रेसियों द्वारा हरदीबाजार में धरना प्रदर्शन किया गया। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रहमान खान व नए ब्लाक अध्यक्ष विक्रम राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसियों को भी आमंत्रित किया गया था। लगातार क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा धरना व प्रदर्शन किये जा रहे हैं। पिछले दिनों संविधान को लेकर कांग्रेसियों ने घंटाघर चौक में धरना प्रदर्शन किया था। जबकि कल महंगाई के खिलाफ मुड़ापार बाजार में धरना दिया गया।

## अधिकारियों ने किया अवलोकन

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने शक्तिपीठ में जाकर निर्माण कार्यों के लिए अवलोकन किया। शक्तिपीठ के संरक्षक मोहन सिंह प्रधान ने बताया कि शक्तिपीठ में कई निर्माण कार्य किये जाने है। इसके अलावा सौंदर्यीकरण का काम भी होना है। जिसे लेकर अधिकारी कल शक्तिपीठ पहुंचे और जिन स्थानों पर निर्माण कार्य होने है उसका नक्शा तैयार किया।

## श्रमिक संगठनों ने ज्ञापन सौंपा

**कोरबा।** गेवरा क्षेत्र के श्रमिक संगठनों ने दीपका में ओव्हर ब्रिज निर्माण को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि पुराने नक्शे के आधार पर ही ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाए। अगर नए नक्शे के तहत ओव्हर ब्रिज का निर्माण होता है तो कालोनीवासियों को परेशानी होगी। श्रमिक संगठन के एसड ीमानिकपुरी दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, मदन सिंह, जनाराम कर्ष का कहना है कि ओव्हर ब्रिज निर्माण के लिए एसईसीएल प्रबंधन को पत्र लिखा जा चुका है।

## कैंसर से बचने सतर्कता जरूरी, रैली से किया जागरूक

**कोरबा।** कैंसर के जोखिम, जांच के महत्व और उपचार के विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ाने लगातार काम किया जा रहा है। अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर ने इस कड़ी में कोरबा में जागरूकता रैली निकाली। कैंसर जागरूकता मुहिम को स्वस्थ विभाग, पुलिस विभाग, कलेक्ट्रेट, शासकीय एवम् गैरशासकीय संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों को पूरा सहयोग मिला। कैंसर जागरूकता रैली को सीएमएचओ डॉक्टर एसएन केसरी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। ओपन थिएटर से कोसाबादी होते हुए रैली वापस इसी स्थान पर पहुंची और मुख्य कार्यक्रम में परिवर्तित हुई । रैली में कोरबा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स, के ऐन कॉलेज, मिनीमाता शासकीय गर्ल्स कॉलेज, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, शासकीय स्वस्थ विभाग, विभिन्न सामाजिक संगठनों, ब्रह्मकुमारीज आध्यात्मिक संगठन स्वस्थ मितानिनों एवं अपोलो के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीयों की सहभागिता रहीं। डॉ. एस एन केशरी ने अपोलो की जागरूकता मुहिम को सराहनीय बताया एवं अपोलो कैंसर सेंटर की हिंदी स्व स्तन परीक्षण नोटबुक का विमोचन कर इसके महत्ता पर जोर दिया। अपोलो हॉस्पिटल के कैंसर सर्जन डॉ अमोल पड़ेगांवकर ने इस अवसर पर व्यावहारिक जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। विशेष रूप से कोरबा के इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. संजय अग्रवाल, शहर के वरिष्ठ डॉ. के सी देवनाथ, ईएनटी डॉ. नीलेश भट्ट, डॉ. नितेश भट्ट एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा नायडू उपस्थित रहे।





छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के जन्मदिन पर स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान सक्ती में आयोजित कार्यक्रम पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस सचिव बी एन सिंह, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, सांसद प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल सहित कोरबा के कांग्रेस जनों ने अपनी उपस्थिति देकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दी और उनके सुखमय जीवन की कामना की।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com